# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 2 सितंबर 2024


**महिला अपनी मर्जी से गई थी राजस्थान जनवरी से थी मायके में**

# कैसी अजीब पहेली... मां-बेटियां लौट आईं तो वो तीनों कौन जिनका अंतिम संस्कार हो चुका, अब नए सिरे से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/रायगढ़

**हरिभूमि फॉलोअप**

पुलिस गुमशुदगी, बरामदगी और मर्ग कायमी की अजीब पहेली में उलझ गई है। तीन बरस से गायब राबिया परवीन की अपनी बेटियों के साथ सकुशल घर लौटने के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि एक साल पहले राबिया समझकर जिस महिला और बच्चियों को दफन किया गया था, वे कौन थीं? फिलहाल पुलिस ने महिला का बयान दर्ज किया है, लेकिन रायगढ़ पुलिस की चुनौती बरकरार है। रविवार को एसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पस्ता थाना प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम कुसमी पहुंची। पुलिस ने महिला राबिया परवीन से थाने में पूछताछ की। पूछताछ में राबिया ने पुलिस को फिर से वही बयान दिया कि पति अबुल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अब रायगढ़ पुलिस फिर से करेगी मामले की जांच

**बड़ा सवाल**

मृतकों के चेहरे स्पष्ट फिर पहचान में क्यों हुई भूल



### लिया गया है बयान

*महिला और उसके पति का बयान लेने पुलिस टीम को कुसमी भेजा गया था। महिला अपनी मर्जी से घर से गई थी और जनवरी माह से वह अपने मायके में थी। जुलाई में पति उन्हें अपने साथ लेकर कुसमी आया। अब तक कोई नहीं जानकारी सामने नहीं आई है। सभी के बयान दर्ज किए गए हैं।*

*-विमलेश सिंह, चौकी प्रभारी*

### पहचान के लिए इश्तेहार जारी

*इस मामले में बलरामपुर के एक व्यक्ति ने दावा किया था कि वो उसकी पत्नी व बच्चियां हैं। अब जब उसकी पत्नी व बच्चियां लौट आई तो वह कह रहा है कि वो वैसी ही दिख रहीं थीं। मृत महिला व बच्चियों के डीएनए सहित अन्य टेस्ट के आधार पर पता चला उनकी पानी में डूब कर मौत हुई थी। चूंकि अब तक तीनों अज्ञात हैं इसलिए दीगर जिलों व राज्यों में उनकी पहचान के लिए इश्तेहार जारी किया गया है।*

*-प्रभात पटेल, एसडीओपी, खरसिया*

**फैक्ट फाइल**

### उम्र के आधार पर की पहचान

पुलिस के अनुसार अब तक के बयान में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक महिला और बच्चियों के 3 अगस्त 2023 को बिना बताए घर से जाने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट पर पुलिस जांच कर रही थी। इस बीच 14 अगस्त को खरसिया के देहजरी नदी में एक महिला और बच्चियों की लाश मिली। तीनों लाश डिस्पोज हो चुकी थी, इसलिए उनकी पहचान में दिक्कत आ रही थी। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के आधार अबुल हसन अपने साले के साथ खरसिया गया था जहां उम्र के आधार पर ही मृतकों की पहचान की गई और लाश सड़ जाने के कारण उनका अंतिम संस्कार खरसिया में ही किया गया। पस्ता पुलिस की जांच में अब तक कोई नई जानकारी सामने नहीं आई है।

### अब तक कोई नहीं आया सामने

इस पूरे मामले में अभी भी बड़ा सवाल यही है कि जिस महिला व बच्ची की लाश मिली थी, वे कौन थे। यदि कोई महिला और बच्चियां लापता हुई हैं तो निश्चित रूप से उनकी तलाश भी की गई होगी लेकिन एक साल में खरसिया पुलिस के पास भी कोई नहीं पहुंचा। पुलिस का कहना है कि सम्भवतः महिला और बच्चियों का कोई रिश्तेदार नहीं होगा, इसलिए कोई उन्हें खोजने के लिए नहीं आया। वहीं पूर्व की जांच में भी तीनों की आत्महत्या की बात सामने आई थी। ऐसे में अब इन लाशों का राज एक पहेली बनकर रह गया है। पुलिस भले ही अब कब्र खोदकर फिर से अवशेष से डीएनए सैंपल प्रिजर्व कर ले लेकिन जब तक कोई दावेदार सामने नहीं आता है तब तक तीनों की पहचान और मौत की गुत्थी सुलझ नहीं पाएगी।






## जांजगीर में सामूहिक खुदकुशी से सनसनी, कारण अभी तक स्पष्ट नहीं

# कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ पी लिया जहर, खत्म हो गया पूरा परिवार

*छत्तीसगढ़ से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। कांग्रेस नेता ने अपने परिवार के साथ खुदकुशी कर ली। घटना जांजगीर-चांपा जिले की है। यहां कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ जहर खा लिया। इसमें बड़े बेटे की तुरंत मौत हो गई जबकि कांग्रेस नेता, उनकी पत्नी और छोटे बेटे को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां तीनों ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

■ आत्महत्या के कारण का पता लगाने में जुटी कोतवाली पुलिस

जांजगीर के वार्ड नंबर-10 बोंगापारा में रहने वाले 65 वर्षीय पंचराम यादव कांग्रेस के नेता थे। वे नगरपालिका में ठेकेदारी का काम करते थे। शुक्रवार 30 अगस्त को उन्होंने अपने घर पर ही पत्नी 55 वर्षीय दिनेश नंदनी, पुत्र 32 वर्षीय नीरज यादव और 27 वर्षीय सूरज यादव के साथ कीटनाशक दवा पी ली। पड़ोसियों ने चारों को जिला चिकित्सालय जांजगीर पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर हालत को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया। बिलासपुर में इलाज के दौरान पंचराम के बड़े बेटे ▶▶| शेष पेज 4 पर











### राजू ने अंतिम संस्कार कर निभाया बेटे का फर्ज

पंचराम के दो बेटे सूरज और नीरज थे, लेकिन उसने अपने भतीजे राजू को भी बेटे की तरह पाला था। राजू छोटी उम्र से ही पंचराम के साथ उसके घर में रहता था। पंचराम ने न केवल राजू को पढ़ाया लिखाया बल्कि बेटे की तरह धूमधाम से शादी भी कराई। शादी के बाद राजू अपनी पत्नी और परिवार ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में थी एक अच्छी पहचान

पंचराम ने कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप मे अच्छी पहचान बना ली थी। वह नगर पालिका में ठेकेदारी का काम करता था और अपने दोनों बेटों के साथ फेब्रिकेशन की दुकान चलाता था। वहीं धार्मिक आस्था रखने वाली उनकी पत्नी और दोनों बेटों ने भी अपने मोहल्ले मे अच्छी छवि बनाई थी।

### बेटी को भी कुछ समझ नहीं आ रहा

कांग्रेसी नेता के परिवार सहित आत्महत्या करने के मामले में कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है और परिवार के सभी सदस्यों की मौत हो गई है। पंचराम के परिवार में अब केवल उसकी बेटी नीतू ही बच गई है। नीतू की 4 साल पहले मुड़पार शिवरीनारायण में सादी हुई थी। अब अपने माता पिता और दोनों भाई की मौत से नीतू का रो रोकर बुरा हाल है। नीतू को भी इतनी बड़ी घटना का कारण समझ नहीं आ रहा है। स्थानीय लोग दबी जुबान से कर्ज से परेशानी और आर्थिक तंगी को घटना का कारण बता रहे हैं।

### एक साथ निकली चार अर्थी, गमगीन माहौल

*रविवार को एक घर से एक साथ 4 अर्थी निकली। परिवार के मुखिया समेत पत्नी और दो बेटों ने दुनिया को अलविदा कह दिया। ससुराल जा चुकी बेटी को छोड़कर घर का कोई भी सदस्य अब इस दुनिया में नहीं है। पारिवारिक सदस्य और पहचान वालों ने गमगीन माहौल में यादव परिवार के चारों सदस्यों को अंतिम विदाई दी। परिवार सहित आत्महत्या की खबर सुनने के बाद क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सभी शोक में डूब गए और पूरे दिन इस घटना की चर्चा होती रही। पोस्टमार्टम के बाद रविवार 1 सितंबर की दोपहर चारों शव जांजगीर पहुंचे। इसके बाद गमगीन माहौल में शव यात्रा निकाली गई। घर से एक साथ 4 अर्थी निकली। शाम को रानी तालाब मुक्तिधाम में सभी का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और पंचराम के पहचान वाले शामिल हुए। सभी नम आँखो से पंचराम और उसके परिवार को अंतिम विदाई दी।*

# पटरी पर बैठ चला रहे थे मोबाइल, आ गई ट्रेन, दो बच्चों की मौत



वीर सिंह



पूरण कुमार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ दुर्ग दल्ली राजहरा लाइन पर हादसा

रेलवे पटरी पर बैठकर मोबाइल चलाना दो बच्चों की मौत का कारण बन गया। दुर्ग- दल्लीराजहरा रेलवे लाइन पर दो बालक पटरी पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। इस बीच, ट्रेन आ गई और इसकी चपेट में आने से दोनों बालकों की मौत हो गई। घटना रिसाली स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पीछे दुर्ग की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नहीं सुन सके ट्रेन की आवाज

मोबाइल पर दोनों बालकों के व्यस्त होने से ट्रेन की आवाज उन्हें सुनाई नहीं दी और चपेट में आ गए। शव मिलने के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। शव का पंचनामा करके उसे पीएम के लिए भेजा। दोनों बालक मोबाइल में गेम के शौकीन थे, इस आदत के चलते ▶▶| शेष पेज 4 पर


### गेम और मोबाइल जानलेवा

*वीडियो गेम की लत बुरी है। आदत पड़ने के बाद मन स्टेज पार करने की ललक बढ़ती दिखती है। मोबाइल का उपयोग करने आंखों की रोशनी कम होती है। इसके अलावा वीडियो की लत जानलेवा हो सकती है। गेम और मोबाइल से अपने बच्चों को दूर रखें। सफर करते वक्त भी मोबाइल से दूरी बनानी आवश्यक है। मोबाइल चलाने ध्यान हटता है और ऐसे में दुर्घटना हो रही है।*

*-डॉ. प्रशांत अग्रवाल, एमडी, मनोरोग*

## खबर संक्षेप

### सरकार के खजाने में आए 1.75 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** जीएसटी कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला है। सरकार की तरफ से रविवार को आंकड़ा जारी किया गया है। अगस्त 2024 के दौरान कुल जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें, पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ रुपये था।

### एयर मार्शल तेजिंदर वायुसेना के उप प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को भारतीय वायुसेना के उप वायुसेना प्रमुख का पदभार संभाला। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वायु सेना मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद एयर मार्शल ने यहां स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

### चेन्नई और श्रीलंका के बीच दैनिक उड़ान सेवा



**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने रविवार को चेन्नई से श्रीलंका के जाफना के लिए अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की। राजधानी कोलंबो के बाद श्रीलंका में एयरलाइन का दूसरा गंतव्य तथा 34वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य है। चेन्नई से जाफना के लिए नई दैनिक सीधी उड़ानों से चेन्नई से जाफना तक की यात्रा का समय घटकर 75 मिनट का हो गया है।

### सड़क सुरक्षा पर आज से विश्व सम्मेलन




**नई दिल्ली।** भारत चोट की रोकथाम और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर दो से चार सितंबर के बीच 15वें विश्व सम्मेलन 'सेफ्टी 2024' की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और डूबने से बचाव पर ध्यान केंद्रित करना है। सम्मेलन का आयोजन आईआईटी, दिल्ली और एम्स के सहयोग से किया जा रहा है।

### विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार



**रायपुर।** 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रायपुर निवास सज-धज कर तैयार है। मुख्यमंत्री निवास में दो सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से 1 बजे तक तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार की शाम अपने निवास पर तिहार की तैयारियों का जायजा लिया।

## मुर्मू ने अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' को बदलने का किया आह्वान

# राष्ट्रपति बोलीं- अदालतों में खत्म हो तारीख-पे-तारीख, सुनिश्चित हो न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में पहुंचीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में अदालती फैसलों में देरी से आम आदमी को लगता है कि न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता का अभाव है। साथ ही, उन्होंने अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' में बदलाव का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबित मामले न्यायपालिका के समक्ष एक ▶▶| शेष पेज 4 पर



### जिला अदालतों पर कही यह बात

राष्ट्रपति ने कहा, जिला स्तर पर यह नैतिक जिम्मेदारी न्यायपालिका का प्रकाश स्तंभ है। जिला स्तर की अदालतें करोड़ों नागरिकों के मन में न्यायपालिका की छवि निर्धारित करती हैं। मुर्मू ने कहा, इसलिए, जिला अदालतों के माध्यम से लोगों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ और कम लागत पर न्याय मुहैया करना हमारी न्यायपालिका की सफलता का आधार है।






## सितंबर माह में बदलाव, विमान ईंधन सस्ता

# सिलेंडर 39 रुपए महंगा, आधार फ्री में होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

1 सितंबर 2024 से पर्सनल फाइनेंस से जुड़े कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं। इन बदलावों का असर आपकी जेब पर भी पड़ेगा। देश में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर 39 रुपए तक महंगा हो गया है। क्रेडिट कार्ड के नियम, आधार कार्ड अपडेट कराने की डेडलाइन शुरू हो गई है। दिल्ली में अब ये 1691 रुपए का मिलेगा। एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों को 4,567 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक घटा दिया है। वहीं, राजस्थान में 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आधार की तिथि 14 तक बढ़ी

आधार कार्ड में मुफ्त में जानकारी अपडेट करने का मौका अब 14 सितंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया है। यूआईडीएआई ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पहचान और पते के दस्तावेजों को सही रखें और समय-समय पर अपडेट करें। इस सुविधा का फायदा उठाकर आप अपने आधार कार्ड को बिना किसी चार्ज के ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं।

### क्रेडिट कार्ड के नए नियम

क्रेडिट कार्ड के नियमों में भी सितंबर से बदलाव किए गए हैं। एचडीएफसी बैंक ने यूटिलिटी बिल्स पर मिलने वाले रिवॉर्ड पॉइंट्स की सीमा तय कर दी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भी क्रेडिट कार्ड के भुगतान के नियमों में बदलाव किया है। इससे क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों पर असर पड़ेगा। इसलिए, यह जरूरी है कि आप इन नए नियमों को ध्यान में रखते हुए अपने खर्चों की योजना बनाएं और कार्ड का समझदारी से इस्तेमाल करें।

### राजस्थान में 450 रुपए का सिलेंडर

राजस्थान में नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट से जुड़े परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य सरकार ने बजट में बीपीएल और उज्जवला कनेक्शन के साथ एनएफएसए परिवारों को भी 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी। सरकार के इस निर्णय से अब और करीब 68 लाख परिवारों को फायदा होगा। वर्तमान में सरकार करीब 70 लाख परिवारों ▶▶| शेष पेज 4 पर



छत्तीसगढ़ शासन
02 सितम्बर, 2024
विष्णु भैया संग
तीजा-पोरा
महतारी वंदन
तिहार
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
राज्य के 70 लाख
महतारी-बहिनी के
खाता म पहुँचिस
विष्णु भइया डहर ले
तीजा के
1000 रूपिया
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

रायपुर, सोमवार 2 सितंबर 2024 भद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या | वर्ष : 23 | अंक : 46 | पृष्ठ : 12+4+4= 20, मूल्य : 5 .00** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषता

ट्रेन के कोच में यात्रियों की सुविधा के लिए रीडिंग लैम्प्स, चार्जिंग आउटलेट्स, स्नैक टेबल्स और मोबाइल/मैगजीन होल्डर भी होंगे। ट्रेन में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। सभी कोच में टकराव से बचाव के लिए कवच प्रणाली लगी होगी। वहीं डिब्बे स्टेनलेस स्टील के बने होंगे। सामान रखने के लिए बड़े लगेज रूम के अतिरिक्त ट्रेन में क्रैश की स्थिति में सुरक्षा प्रदान के लिए उपाय किए गए हैं। ट्रेन में सुविधाजनक ऑटोमेटिक दरवाजे भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

# वंदे भारत स्लीपर में मिलेंगी होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं

## फर्स्ट एसी में नहाने गर्म पानी, दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ



### लंबी दूरी के लिए होगा ट्रेन का परिचालन

रेलवे के मुताबिक, स्लीपर वाली वंदे भारत का परिचालन लंबी दूरी के लिए किया जाएगा। मुंबई से हावड़ा के भी लंबा रूट है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

- स्लीपर वंदे भारत के नए कोच जल्द आएंगे फैक्ट्री से बाहर, 160 किमी. की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भी मिल सकती है ट्रेन, तीन महीने बाद परिचालन की उम्मीद

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की सेमी-हाईस्पीड वंदे भारत पहले से अपग्रेड हो चुकी है। जल्द ही यात्रियों को ट्रेन में लग्जरी स्लीपर कोच की सुविधा मिलने वाली है। रेलवे ने रविवार को तस्वीर जारी कर वंदे भारत के स्लीपर कोच का निर्माण कार्य पूरा होने की जानकारी दी। कुछ दिनों में यह ट्रेन बेंगलुरु में बीईएमएल कारखाने से निकलेगी। निरीक्षण के बाद यात्री परिचालन में तीन महीने लग सकते हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय

वंदे भारत के स्लीपर कोच ट्रेन में सभी वर्ग के यात्रियों के अनुसार सुविधाएं दी गई हैं। कोच में दिव्यांगों के लिए अलग से बर्थ की सुविधा रहेगी। शौचालय भी उनका अलग बनाया गया है। रेलवे ने यह ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से तैयार की है। इसके अलावा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेंट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है, साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधी कवच प्रणाली से लैस है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# गुजरात के बाद आंध्रप्रदेश-तेलंगाना में तबाही, बह गईं पटरियां, नौ की मौत

### दो दिन मूसलाधार बारिश आंध्र में 13 हजार का रेस्क्यू

- गुजरात में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करेगी गृह मंत्रालय की केंद्रीय टीम
- मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी भारी बारिश की संभावना जताई जा रही



*गुजरात में हुई भयंकर बारिश से अभी राज्य सही तरीके पटरी पर नहीं लौटा है कि दक्षिण राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश से तेलंगाना में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। विजयवाड़ा से वारंगल और दिल्ली से विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेनें रोक दी गई हैं। वहीं आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की वजह से नौ लोगों की मौत हो गई है। इधर, छत्तीसगढ़ में मानसून फिर से गतिविधियां बढ़ेगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/हैदराबाद

बारिश से इस साल जनजीवन बेहाल है। गुजरात में बारिश-बाढ़ ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी से बहुत भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। इस साल हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से काफी नुकसान पहुंचा है। आंध्र प्रदेश में पिछले 2 दिनों में मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके कारण 5 जिलों के 294 गांवों से 13,227 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। तेलंगाना के महबूबाबाद जिले में स्थित केसमुद्रम को जोड़ने वाले रेलवे ट्रैक पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह ने तेलंगाना-आंध्र के सीएम से की बात



- छत्तीसगढ़ में फिर से बढ़ेगी मानसूनी गतिविधियां, गर्मी से मिलेगी राहत

### तेलंगाना के इन जिलों में अलर्ट

कोमाराम भीम आसिफाबाद, जगीताल, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, वारंगल समेत अन्य जिलों के कुछ स्थानों पर भी बारिश होने की संभावना है। सभी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है।

### छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मानसून की एक्टिविटी बढ़ सकती है। कुछ दिनों से प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश थम गई है। तेज धूप और उमस की वजह से लोग परेशान हैं। अब एक बार फिर मानसून के एक्टिव होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक सितंबर के पहले हफ्ते में कई जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के कई हिस्सों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### आईपीएस की बेटी की संदिग्ध हालात में मौत



**लखनऊ।** लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के होस्टल में 19 वर्षीय छात्रा अनिका रस्तोगी का शव बरामद किया गया है। संदिग्ध परिस्थितियों में लड़की को बेहोशी की हालत में कमरे में पाया गया था। वह एलएलबी थर्ड ईयर की छात्रा थी। वह बेहोशी की हालत में हॉस्टल के कमरे में फर्श पर पड़ी मिली थी। अनिका आईपीएस संतोष रस्तोगी की बेटी थीं, जो अभी एनआई में दिल्ली में आईजी के पद पर काम कर रहे हैं। अनिका रात को अपने कमरे में गई थीं, जिसके बाद उन्होंने दरवाजा नहीं खोला।

प्रशिक्षु डॉक्टर के रेप-मर्डर का मामला

# न्याय की मांग, सड़क पर उतरीं प्रमुख हस्तियां

### विधानसभा सत्र में आज रेप पर नया बिल पेश करेंगी ममता



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

फिल्म निर्देशक अपर्णा सेन और बंगाली फिल्म उद्योग की कई अन्य प्रमुख हस्तियां रविवार को हजारों लोगों के साथ एक विशाल रैली में शामिल हुईं, जिसमें स्थानीय प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की गई। पिछले महीने यहां आर जी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की कथित बलात्कार के बाद हत्या कर दी गयी थी। महामिच्छिल के अलावा, शहर में अन्य जगहों पर दो अन्य रैलियां आयोजित की गईं। एक रैली का आयोजन रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जूनियर डॉक्टरों और पूर्व छात्रों का मार्च

आर जी कर घटना के बाद से विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों का एक मंच भी रैली में शामिल हुआ। दक्षिण कोलकाता में, रामकृष्ण मिशन स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों ने 'तमसो मां ज्योतिर्गमय (मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो)' संदेश वाले बैनर लेकर मार्च निकाला और निष्पक्ष जांच तथा अपराध में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की।



## चिंतन

# तेजी से फैसले तभी आएंगे जब न्याय के ढांचे सुधरेंगे

भारत में सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय आजादी के 77 वर्ष बाद भी यक्ष प्रश्न है। भारत जितना बड़ा लोकतंत्र है, जितना बड़ा संवैधानिक राष्ट्र है, भारत में जितनी बड़ी जनसंख्या है, उसके अनुरूप सरकार ने देश में न्यायिक ढांचा खड़ा नहीं किया। यही कारण है कि आज भारतीय अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले पेंडिंग हैं, केस तीन वर्ष से बीस वर्ष तक सुनवाई के इंतजार में हैं। गरीबों के लिए इंसाफ तो दिवास्वप्न जैसा है। देश में पुलिस तंत्र व जांच प्रणाली इतनी पेचीदा है कि करोड़ों लोगों के मामले सुनवाई की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाते हैं। यही कारण है कि भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। पुलिस तंत्र का कामकाज का ऐसा तरीका है, जिसमें कभी दबाव में, कभी किसी पुलिस कर्मी के निजी स्वार्थ में, कभी जांच में पूर्वधारणा के चलते तो कभी पुलिस कर्मी की गलतियों के कारण लाखों बेकसूर आरोपी बनाए जाते हैं और वे विचाराधीन कैदी बनकर सालों साल जेल में सड़ते रहते हैं। आज जब देश की राजधानी नई दिल्ली में जिला न्यायालयों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ तो समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने देश की अदालतों में तारीख पर तारीख की संस्कृति में बदलाव का आह्वान किया है। पेंडिंग केस भारतीय अदालतों की कमजोर कड़ी हैं। सबसे खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व कार्यसंस्कृति जिला अदालतों में ही हैं। केस की पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं का करियर सबसे अधिक असुरक्षित है, जिसमें सरकार का न्यूनतम निवेश भी नहीं है। जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पब्लिक प्रोसिक्यूटर (सरकारी वकील) की भारी कमी है, केस की सुनवाई के लिए वकीलों के शुल्क का कोई सुनिश्चित तंत्र नहीं है, जिनका जो मन है, वो उतनी फीस वसूल रहे हैं। चूंकि केस की जांच के लिए न्यायालय पुलिस तंत्र पर निर्भर है, जबकि पुलिस की जांच प्रणाली अकुशल है। इन सबका असर न्याय व्यवस्था पर पड़ता है व तारीख दर तारीख की संस्कृति जन्म लेती है। फास्ट ट्रैक कोर्ट से भी इंसाफ में तेजी की बात नहीं बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन में शनिवार को कहा कि दस वर्ष में उनकी राजग सरकार ने न्याय क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है। पीएम ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। इसके बावजूद भारतीय जिला अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक में अधिवक्ताओं, सरकारी वकीलों, सहायकों, जजों व इन्फ्रास्ट्रक्चरों की भारी कमी है। पुलिस जांच से लेकर अदालतों में न्याय की प्रक्रिया तक में भारी विसंगतियां हैं, खर्चीली है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुआ है, जिसमें सैकड़ों प्रबुद्ध कानूनविदों ने न्याय प्रणाली में सुधार व विकास पर विमर्श किया है। ऐसे सम्मेलनों की सार्थकता तभी है जब संविधान की आकांक्षा के अनुरूप देश के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को त्वरित इंसाफ सुनिश्चित हो सके। केवल बड़ी बातों व घोषणाओं से न्याय व्यवस्था की हालत नहीं बदलेगी। तेजी से फैसले तभी आएंगे, जब न्याय तंत्र का पूरा ढांचा दुरुस्त होगा।



# सहकारिता से जनकल्याण होगा संभव

## बिना संस्कार नहीं सहकार। बिना सहकार नहीं उद्धार।।

विचार
केदार कश्यप

> छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत लोग कृषि और वनों से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। प्रदेश में किसानों की संख्या का 70 प्रतिशत सीमांत और छोटे किसान हैं जिनके पास औसत एक एकड़ की खेतिहर भूमि है। इसलिए केवल खेती करके किसान अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं ला सकता। भाजपा की सरकार में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी है। धान के उत्पादन को न्यूनतन समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों 'पैक्स' के माध्यम से खरीद रही है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए सहकार तो उसके मूल्य में है लेकिन जब आर्थिक गतिविधियों की बात होती है तब मनुष्य स्वार्थी हो जाता है। जिनके पास पूंजी है वह तो पूंजी से पूंजी कमाकर आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाता है किंतु जिसके पास पूंजी नहीं है वह क्या करे? ऐसे में सहकार से उद्धार का भाव ही सही प्रतीत होता है।

छत्तीसगढ़ के बारे में कहा जाता है, इस अमीर धरती पर गरीब लोग रहते हैं। यह बात सही नहीं है, इस प्रदेश के लोग ऋषि और कृषि संस्कृति को मानने वाले हैं, प्रकृतिवादी हैं इसलिए जो प्रकृति से जीवनयापन के लिए मिल जाए संतुष्ट हो जाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के पीछे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का सपना था कि यह क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से भी प्रगति करे। राज्य में 15 साल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चहुंओर विकास की यात्रा प्रारंभ की थी, जिसे विष्णुदेव साय की सरकार आगे बढ़ा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित करना है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य उस महान यात्रा में कैसे पीछे रह सकती है। हाल में प्रदेश में सहकारिता को आधार बनाकर विकास की गति को बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बैठक कर एक कार्ययोजना बनाई है।

छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत लोग कृषि और वनों से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। प्रदेश में किसानों की संख्या का 70 प्रतिशत सीमांत और छोटे किसान हैं जिनके पास औसत एक एकड़ की खेतिहर भूमि है। इसलिए केवल खेती करके किसान अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं ला सकता। भाजपा की सरकार में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी है। धान के उत्पादन को न्यूनतन समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों 'पैक्स' के माध्यम से खरीद रही है। दुग्ध और मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी सहकारिता के जरिए किसानों और गरीबों की आर्थिक समृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन अब सहकारिता के माध्यम से मैदानी क्षेत्र के साथ वन क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को भी सहकारिता से जोड़कर उनको आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

अभी प्रदेश में कुल 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां पैक्स कार्यरत हैं, अब प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बहुआयामी पैक्स / दुग्ध/ मत्स्य सहकारी समिति का गठन दो वर्ष के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। भारत सरकार की जनजाति कल्याण



विभाग के साथ समन्वय करते हुये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और छत्तीसगढ सरकार के साथ एमओयू किया जाएगा जिसके बाद प्रदेशवासी विशेषकर अनुसूचित जनजाति के लोगों को दुग्ध सहकारिता से जोड़ने की पहल की जा रही है। उनकी आर्थिक समृद्धि के लिये दुधारु पशु यथा- गाय/भैंस पालन के लिए उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि आगामी पांच वर्षों में दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से लाभ अर्जित कर आठ से दस पशुधन के मालिक बन सके एवं उस परिवार को आजीवन इसका लाभ मिलता रहे।

इस प्रकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी, इस दूध को सहकारी संघ के माध्यम से दुग्ध के विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा सकेगा। गुजरात में 1960 के दशक में अमूल नामक एक सहकारी आंदोलन छोटे से गांव आणंद में शुरू हुआ, आज वह आंदोलन दुग्ध उत्पाद में वैश्विक ब्रांड बन गया है जिसका वार्षिक टर्नओवर 60 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। छत्तीसगढ़ में इसी मॉडल पर काम शुरू किया जायेगा। कृषकों द्वारा उत्पादित दुग्ध के लिये पर्याप्त प्रशीतक केन्द्र एवं प्रक्रिया इकाईयां स्थापित की जाएंगी।

सहकारिता के माध्यम से अर्थव्यवस्था के विकास तथा इसका लाभ आमजन तक पंहुचाने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, जनजाति विभाग के परस्पर समन्वय हेतु संबंधित विभाग के मंत्रियों तथा सचिवों की पृथक कमेटी बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में केवल छः जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संचालित हैं, सहकारिता के विस्तार और पैक्स की संख्या सभी जिलों तक बढ़ेगी तब जिला सहकारी बैंकों की संख्या भी बढ़ानी होगी। इसके साथ ही सहकारी बैंकों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाया जायेगा। राज्य के सभी 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको की संबद्धता सीजीटीएमएसई से सुनिश्चित करते हुये इंटरनेट बैंकिग सहित ई-बैंकिग सुविधाओं तथा आधार इनेब्लड पेमेंट सिस्टम सुनिश्चित किए जाएंगे।

सहकारिता के अन्य आयामों जैसे जैविक कृषि, बीज उत्पादन, मत्स्य आदि को मजबूत कर छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को गति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ वन, खनिज, भूमि संसाधन के साथ परिश्रमी जनसंसाधन भी है। सहकार की भावना से जब कार्य प्रारंभ होंगे तभी जनता का आर्थिक उद्धार का मार्ग प्रशस्त होगा।

*(आलेख सहकारिता मंत्री के स्वयं के विचार हैं)*

## वर्ल्ड कोकोनट डे
श्वेता गोयल



# सेहत के गुणों से भरा नारियल

नारियल का हिंदू धर्म में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है, जिसका उपयोग पूजा-पाठ, विशेष अनुष्ठान, शादी-विवाह, तीज-त्योहार, नए कार्य का शुभारंभ इत्यादि सभी शुभ कार्यों में किया जाता है। नारियल को 'श्रीफल' के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु जब पृथ्वी पर अवतरित हुए थे, तब वे मां लक्ष्मी और कामधेनु गाय के साथ नारियल भी लेकर आए थे, इसीलिए नारियल के वृक्ष को 'कल्पवृक्ष' भी कहा जाता है। मान्यता है कि नारियल में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का वास होता है। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ नारियल आर्थिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बड़ा महत्वपूर्ण है।

पूरी दुनिया में नारियल उत्पादन में केवल एशिया महाद्वीप का योगदान ही 90 प्रतिशत है, जिसमें भारत विश्व के सबसे बड़े नारियल निर्यातकों में शामिल है। भारत के अलावा इंडोनेशिया और फिलीपींस दुनिया के सबसे बड़े नारियल निर्यातकों में शामिल हैं। दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 2 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व नारियल दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'एक परिपत्र अर्थव्यवस्था के लिए नारियलः अधिकतम मूल्य के लिए साझेदारी का निर्माण' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह नारियल का उपयोग इस तरह से करने के महत्व पर जोर देता है, जो बर्बादी को कम करते हुए नारियल के हर हिस्से का अधिकतम उपयोग करना सुनिश्चित करता है। यह विषय नारियल के मूल्य को अधिकतम करने के लिए किसानों, उत्पादकों और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है। एक साथ काम करके ये साझेदारियां एक अधिक टिकाऊ और कुशल नारियल उद्योग बनाने में मदद कर सकती हैं, जिससे पर्यावरण के साथ उन लोगों को भी लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए नारियल पर निर्भर हैं। विश्व नारियल दिवस पहली बार 2009 में मनाया गया था, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में नारियल की खेती के बारे में लोगों को जागरूक करना ही था। एपीसीसी ने अपनी 40वीं वर्षगांठ पर इस दिन की शुरुआत की थी, जिसकी स्थापना ही एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में नारियल की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस वर्ष एपीसीसी की स्थापना की 55वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। एपीसीसी में भारत सहित सभी नारियल उत्पादक देश शामिल हैं। 'नारियल' पुर्तगाली शब्द 'कोको' और 'अखरोट' के मेल से बना है। नारियल को 'जीवन का वृक्ष' भी कहा जाता है क्योंकि यह अनेक आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। दरअसल नारियल के पेड़ का प्रत्येक हिस्सा उपयोगी है। यह फल भोजन और पेय प्रदान करता है, पत्तियों का उपयोग बुनाई और छत बनाने के लिए किया जाता है, भूसी और खोल का उपयोग शिल्प तथा ईंधन के लिए किया जाता है और रस का उपयोग सिरका तथा चीनी बनाने के लिए किया जा सकता है।

नारियल सेहत के अनेक निराले गुणों से भरपूर फल है, जो पाचन क्रिया को बढ़ाने और मोटापा कम करने में असरदार माना जाता है। नारियल का पानी इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छा स्रोत है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है। शरीर में पानी की कमी को पूरी करने के लिए नारियल पानी बहुत फायदेमंद है, जिससे शरीर हाइड्रेट रहता है। नारियल पानी एस्कॉर्बिक एसिड, विटामिन बी और प्रोटीन से भरपूर होता है, जिसमें कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट और शर्करा कम होती है और यह लगभग पूरी तरह से वसा रहित होता है। इसके पोषक तत्व चेहरे की चमक को बढ़ाने के साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नारियल का इस्तेमाल खाने-पीने और सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर साज-सज्जा तक हर चीज में किया जाता है। अनेक फायदों से भरपूर नारियल का उपयोग कई प्रकार के व्यंजनों में भी किया जाता है। इसके फल से दूध और तेल भी निकाला जाता है। खाना पकाने के साथ-साथ बालों और चेहरे को पोषण देने के लिए उपयोग किया जाने वाला नारियल तेल अन्य खाना पकाने के तेलों का एक स्वस्थ विकल्प माना गया है। नारियल का दूध कई प्रकार के मीठे व्यंजनों में इस्तेमाल होता है। नारियल पानी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है और नारियल की जटाओं का उपयोग रस्सियां, गलीचे, डोरमैट इत्यादि बनाने में किया जाता है।

(लेखक शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए। सावधानी के साथ प्रेम का व्यवहार शांति के मार्ग को निष्कंटक करेगा।

## जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेरोजगारों को मिले मौका

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। हमारे देश में बेरोजगारों की लाइन बढ़ती जा रही है, इसलिए सेवा विस्तार नहीं मिलना चाहिए। – *रमेश यदु, भाटापारा*

## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



भारत के लिए एक और गर्व का क्षण, सूबिना ने पैरालिंपिक में 10एम एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण फोकस, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पर्यटन को पुनर्जीवित करें




वायनाड दुखद भूस्खलन से हुई तबाही से लगातार उबर रहा है। हालांकि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, राहत प्रयासों में सभी समुदायों और संगठनों के लोगों को एक साथ आते देखना खुशी की बात है। बारिश बंद होने पर यह जरूरी है कि क्षेत्र में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### बहुत-बहुत बधाई



अवनि लेखरा को उनकी अविश्वसनीय स्वर्ण पदक उपलब्धि और मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बहुत-बहुत बधाई! आपकी उपलब्धियाँ दृढ़ता और प्रतिभा का प्रमाण हैं। बहुत अच्छा! **-मनु भाकर, शूटर**

### सराहना के लिए धन्यवाद



मुक्तकंठ से 'हमारे राम' के मंचन की सराहना करने के लिए हृदय से धन्यवाद आरती नागपाल, अभिभूत और अनुगृहीत हूँ। जय श्री सीताराम
**-आशुतोष राणा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# उज्बेकिस्तान में भारतीय धुनों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध



मध्य एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव, 13वें अंतरराष्ट्रीय संगीत महोत्सव 'शर्क तारोनलाराई' में गायिका शिबानी कश्यप के गानों पर यहां ऐतिहासिक 'रेगिस्तान स्क्वायर' पर संगीत प्रेमियों ने बॉलीवुड की धुनों पर नृत्य किया। कश्यप संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं। शर्क तारोनालारी, का अर्थ है पूर्व का मधुर संगीत। यह एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है, जो विश्व की समृद्ध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करने और उनका उत्सव मनाने के लिए समर्पित है। वर्ष 1997 में शुरुआत के बाद से यह महोत्सव काफी समृद्ध हो चुका है। इस महोत्सव का पहली बार जब आयोजन हुआ था, तो 31 देशों के कलाकारों ने भाग लिया था। साल 2019 तक इसमें शामिल होने वाले देशों की संख्या बढ़कर 75 हो गई, जिससे इस आयोजन का वैश्विक महत्व रेखांकित हुआ। महोत्सव के 13वें संस्करण में 70 से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित 'रेगिस्तान स्क्वायर' पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## ऑफ बीट

# अमेरिका में फैली ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस



ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस एक वायरस के कारण होता है जो आमतौर पर केवल अमेरिका के कुछ पूर्वी हिस्सों में पाया जाता है, मध्य अमेरिका से लेकर कनाडा तक। ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस का वायरस तंत्रिका संबंधी रोग, विशेष रूप से इंसेफेलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन और सूजन) का कारण बनता है और मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। इस बीमारी के लक्षण गंभीर और संभावित रूप से घातक हो सकते हैं। लेकिन, इस वायरस वाले मच्छर द्वारा काटे गए अधिकतर लोगों में इसके लक्षण नहीं दिखते हैं। जिन लोगों में बीमारी विकसित होती है, उनमें सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, भ्रम, दौरे और कोमा जैसे लक्षण शामिल होते हैं। इस बीमारी से पीड़ित गंभीर लक्षण वाले लगभग एक तिहाई रोगियों की मृत्यु हो जाती है तथा जो बच जाते हैं उनमें से कई लोगों को तंत्रिका संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं। इस वायरस से केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि घोड़े भी प्रभावित हो सकते हैं और मनुष्यों की तरह संक्रमित मच्छर के काटने से उन्हें भी घातक इंसेफेलाइटिस हो सकता है। इस वायरस की खोज 1831 में अमेरिका के न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में घोड़ों में घातक बीमारी के प्रकोप के बाद हुई थी।


अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




# सुनहरी साड़ी में शेयर किया लुक


एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुहाना खान बी-टाउन की सबसे फेमस स्टारकिड्स में से एक हैं। सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी अपनी सुंदरता और फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने जोया अख्तर की 'द आर्चीज' से डेब्यू किया और उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें मिले-जुले रिएक्शन मिले। सुहाना के अपने को-एक्टर अगस्त्य नंदा को डेट करने की खबरें हैं, जो श्वेता बच्चन नंदा के बेटे हैं और हाल ही में सुहाना खान की खूबसूरत अदाएं देखकर श्वेता ने उनके पोस्ट पर कमेंट भी किया है। सुहाना खान ने एक शानदार सुनहरी साड़ी पहने हुए एक नया पोस्ट डाला, जिसे श्वेता बच्चन नंदा से खूब तारीफ मिली है। सुहाना खान ने 31 अगस्त, 2024 को अपने इंस्टा हैंडल पर भारी सुनहरी साड़ी में अपना नया लुक शेयर किया। शानदार कढ़ाई के साथ भारतीय साड़ी में सुहाना बेहद खूबसूरत लग रही हैं।



# इंदिरा गांधी के बाद मायावती की भूमिका निभाएंगी कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। इस फिल्म में कंगना को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। 6 सिंतबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक हैं। कंगना इससे पहले भी राजनीतिक नेताओं की भूमिका निभा चुकी हैं। अभिनेत्री ने थलाइवी में जे जयललिता की भूमिका निभाई थी। वहीं अब अभिनेत्री ने एक और राजनीतिक नेता की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की है। कंगना रणौत ने हाल ही में एक बातचीत में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की नेतामायावती की भूमिका निभाने की इच्छा जाहिर की है। बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि वह अगली बार किस राजनीतिक नेता का किरदार निभाना चाहती हैं। इसके लिए उन्हें दो विकल्पों में ममता बनर्जी या मायावती का नाम दिया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'कलाकार के लिए कुछ मुश्किल नहीं है लेकिन मुझे लगता है मायावती जी जो है। एक नेता के तौर पर मैं उनका किरदार निभाना पसंद करूंगी।'




# अपनी तय तारीख पर रिलीज नहीं होगी 'कंगुवा'



*मुंबई। सूर्या स्टारर फिल्म 'कंगुवा' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। मगर इसे लेकर दर्शकों का उत्साह थोड़ा कम हो सकता है, क्योंकि ये फिल्म अब अपनी रिलीज से आगे खिसका दी गई है। हालांकि, इसकी नई रिलीज डेट को लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है। जल्द ही मेकर्स दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए घोषणा 'कंगुवा' की नई रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। सूर्या ने खुद इस खबर की पुष्टि करते हुए इसके पीछे की वजह बताई है। दरअसल, कंगुवा और रजनीकांत की वेट्टैयन 10 अक्टूबर को एक ही तारीख पर दस्तक देने वाली थीं। मगर रजनीकांत की फिल्म के चलते कंगुवा ने फिल्म की रिलीज स्थगित कर दी है। सूर्या ने फिल्म 'मैयाझागन' के ऑडियो लॉन्च पर बताया कि रजनीकांत उनसे वरिष्ठ हैं, इसलिए निर्माताओं ने रिलीज को स्थगित करने और वेट्टैयन के लिए रास्ता बनाने का फैसला किया है।*

# दीपिका के बच्चे का 28 को होगा जन्म

**मुंबई।** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। क्योंकि वो महीना शुरू हो चुका है, जिसके लिए पिछले 9 महीने से आंखें बिछाए बैठे थे। जैसा कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं। वह अपने पहले बच्चे के स्वागत की उम्मीद कर रही हैं। फरवरी, 2024 महीने के आखिरी दिनों में कपल ने ये गुड न्यूज सबको दी थी और बताया था कि सितंबर में डिलीवरी होनी है। अब वो डेट भी आ गई है सामने, जिसका रणबीर कपूर से कनेक्शन है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका की डिलीवरी डेट 28 सितंबर बताई जा रही है। वह साउथ मुंबई के हॉस्पिटल में बेबी को जन्म देंगी। बीच में उनके ग्लो को देखते हुए इंटरनेट यूजर्स ने लड़का होने की उम्मीद जताई थी। मगर ये जानने के लिए अभी भी थोड़ा इंतजार करना होगा।



# बिग बॉस 18 में शामिल होने की खबरें झूठी

**मुंबई।** सुधांशु पांडे ने पॉपुलर टीवी शो अनुपमा छोड़ दिया है। एक्टर 2020 में इस धारावाहिक का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने अनुपमा के पति, वनराज शाह की भूमिका निभाई थ। उनका कैरेक्टर नेगिटिव था, लेकिन दर्शकों के बीच वह काफी पॉपुलर थे। हालांकि एक्टर के यूं चले जाने से उनके फैंस काफी दुखी हैं। कहा तो ये भी जा रहा है कि सुधांशु ने इसलिए राजन शाही का शो छोड़ा है, क्योंकि वह बिग बॉस में हिस्सा लेने वाले हैं। एक्टर ने इसपर रिएक्ट किया है। इंटरव्यू में सुधांशु पांडे ने कहा कि उनके बिग बॉस 18 में शामिल होने की खबरें पूरी तरह झूठी हैं। एक्टर ने कहा कि वह उन अभिनेताओं की कैटेगरी में नहीं आते हैं, जो बिग बॉस जैसे रियलिटी शो के लिए बने हैं। हालांकि, सुधांशु ने शो में कंटेस्टेंट बनने के बजाय इसकी होस्टिंग करने में रुचि दिखाई।



# यश की फिल्म में दिखेगा सरकटे का आतंक...

**मुंबई।** सुनील कुमार, स्त्री 2 के सरकटे, अब यश की पैन इंडिया फिल्म और बिग बॉस में दिख सकते हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में बात कि है, फैंस को इंतजार रहेगा उनके अगले कदम का। अब वे बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री दोनों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। स्त्री 2 की सक्सेस के बाद सुनील को यश की पैन इंडिया फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए ऑफर मिला है। सुनील दिल्ली के एक रेसलिंग ग्रुप से जुड़े थे, जहां से उन्हें स्त्री 2 में सरकटे का रोल निभाने का मौका मिला। सुनील बताते हैं कि उन्हें इस रोल के लिए फोन आया, जिसमें लंबी हाइट वाले रेसलर की तलाश थी। उन्हें मुंबई बुलाया गया। और उनकी प्रोफाइल देखकर इस रोल के लिए फाइनल कर लिया गया।






# एक समय पर 25 समोसे खा सकते हैं...

मुंबई। ऋतिक रोशन इंडस्ट्री के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी फैन फॉलोइंग भी बहुत तगड़ी है और अक्सर वह अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। इन दिनों वैसे ऋतिक अपनी आगामी फिल्म 'वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ऐसे में ऋतिक का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वह समोसे के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते नजर आ रहे हैं। ऋतिक रोशन अपनी फिटनेस को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। कड़ी कसरत की वजह से ही ऋतिक खुदको फिट रख पाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऋतिक को समोसा बहुत पसंद है और वह एक बार में वह 25 समोसे खा सकते हैं।



# अंकिता-विक्की के घर में आई नन्ही मेहमान

मुंबई। टीवी की चर्चित अभिनेत्री अंकिता लोखंडे के घर में एक नन्हा मेहमान आया है। अब वह और उनके पति विक्की जैन बेटी के मॉम एंड डैड बन गए हैं। अंकिता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए अपने नन्हे मेहमान की झलक दिखाई है। इस वीडियो को देख उनके चाहने वाले भी फिदा हो गए हैं। बी-टाउन से टिन्सेल टाउन तक, कई सेलिब्रिटीज असल जिंदगी में कैट या फिर डॉग पैरेंट्स हैं। आलिया भट्ट, वरुण धवन, दृष्टि धामी और अनन्या पांडे के बाद अब अंकिता लोखंडे भी कैट मॉम बन गई हैं। जी हां, उन्होंने अपने घर में एक कैट का स्वागत किया है।





## जैकेट के शेष

### कैसी अजीब पहेली...

हसन से झगड़ा होने के बाद वह अपनी बेटियों 6 वर्षीया सिजरा परवीन व 3 वर्षीया गुलस्तां परवीन के साथ घर से चली गई थी। बेहतर काम दिलाने का झांसा देकर एजेंट उन्हें राजस्थान ले गया। वहां छह माह तक रहने के बाद किसी तरह भागकर बच्चियों के साथ जनवरी माह में अपने मायके झारखंड के प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चतरा में रहने आ गई थी। इस दौरान उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि घर से भागने के बाद एक अन्य महिला व बच्चियों की लाश को उनकी लाश समझकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जनवरी में महिला और बच्चियों के घर लौटने की जानकारी पति को हो गई थी लेकिन वह उन्हें लेने नहीं जा रहा था और झगड़े के कारण महिला भी आना नहीं चाहती थी। इस बीच जुलाई महीने में अबुल हसन पत्नी को अपने घर ले आया जिसके बाद उसे पूरे घटनाक्रम की जानकारी हुई और यह मामला प्रकाश में आया। फिलहाल महिला ने अपने बयान में किसी अन्य घटना का जिक्र नहीं किया है।

### कांग्रेस नेता ने ....

नीरज यादव ने 31 अगस्त की शाम दम तोड़ दिया। इधर 1 सितंबर की सुबह तक एक-एक कर पंचराम, दिनेश नंदनी और सूरज की भी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि पंचराम ने कुछ कर्ज ले रखा था और परिवार की माली हालत खराब चल रही थी। हालांकि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एक परिवार से चार लोगों की मौत जानकारी मिलने पर एसपी विवेक शुक्ला घटनास्थल पर पहुंचे। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फारेसिंक टीम की मदद से कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूरे परिवार ने एक साथ आत्महत्या का कदम क्यों उठाया, ये सवाल सभी के मन में उठ रहा है। हालांकि घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, वहीं परिवार के सभी सदस्यों की मौत हो गई है। ऐसे में आत्महत्या के कारण का अभी खुलासा नहीं हो सका है।

### राजू ने अंतिम संस्कार ...

के साथ रहता था। जब पंचराम के साथ उसके दोनों बेटों की भी मौत हो गई तब राजू ने बेटे का फर्ज निभाया। राजू ने ही पंचराम समेत चारों को मुखागनी देकर अंतिम संस्कार किया।

### पटरी पर बैठ ....

राजहरा रेलवे ट्रैक पर सरस्वती कुंज वेस्ट रिसाली पूरण कुमार साहू (14) और सड़क 10 आशीष नगर रिसाली वीर सिंह (13) के हैं। पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पीछे दुर्ग राजहरा रेलवे लाइन पर बैठकर पूरण और वीर सिंह अपने-अपने मोबाइल फोन को चला रहे थे। इस दौरान दुर्ग से मरोदा होकर दल्ली राजहरा की ओर जा रही यात्री ट्रेन से कटने से दोनों बालक की मौत हो गई। **टुकड़े में मिली शव :** बीती रात 8 बजे आरपीएफ को कॉल आया। दुर्ग दल्लीराजहरा रेलवे पटरी मार्ग पर दो बालक की लाश इधर उधर पड़ा है। मौके पर पहुची पुलिस शव को टुकड़ो में उठाना शुरू किया। पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों गेम के आदि थे।

### नहीं सुन सके ....

घर वाले टोका टाकी करते थे। इसके चलते दोनों बालक मोबाइल लेकर घर से निकल जाते थे और चुपके से मोबाइल पर गेम खेलते रहते थे। पुलिस को घटना स्थल के पास से बच्चों की साइकिल भी मिली है।

### राष्ट्रपति बोलीं- अदालतों ....

बड़ी चुनौती हैं। मुर्मू ने जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, जब बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में अदालती फैसले एक पीढ़ी बीत जाने के बाद आते हैं, तो आम आदमी को लगता है कि न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता का अभाव है। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत सप्ताह जैसे कार्यक्रम अधिक बार आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, सभी हितधारकों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान ढूंढना होगा। मुर्मू ने अफसोस जताते हुए कहा, कुछ मामलों में, साधन संपन्न लोग अपराध करने के बाद भी बेखौफ और खुलेआम घूमते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों के गरीब लोग अदालत जाने से डरते हैं। राष्ट्रपति ने यहां भारत मंडपम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा, वे अदालत की न्याय प्रक्रिया में बहुत मजबूरी में ही भागीदार बनते हैं। अक्सर वे अन्याय को चुपचाप सहन कर लेते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि न्याय के लिए लड़ना उनके जीवन को और अधिक दयनीय बना सकता है। उन्होंने कहा कि गांव से दूर एक बार भी अदालत जाना ऐसे लोगों के लिए मानसिक और आर्थिक रूप से बहुत बड़ा दबाव बन जाता है।

### सिलेंडर 39 रुपए ....

इधर, टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आज से फ्रॉड कॉल और एसएमएस स्कैम से जुड़ी साइबर क्रिमिनल एक्टिविटी को रोकने के लिए दूरसंचार नियमों में बदलाव लागू किया है। ट्राई ने जियो, एयरटेल जैसी टेलीकॉम कंपनियों को दिशानिर्देश जारी किए थे।
**कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े :** 1 सितंबर 2024 से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 39 रुपए तक बढ़ा दिए हैं।

### राजस्थान में 450 ....

(उज्जवला कनेक्शन और बीपीएल) को सब्सिडी दर 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है। राजस्थान में इस समय एनएफएसए की सूची में एक करोड़ 7 लाख 35 हजार से ज्यादा परिवार हैं। इस एनएफएसए सूची में जुड़े कुल परिवारों में से करीब 37 लाख परिवार ऐसे हैं, जो बीपीएल या उज्जवला कनेक्शन धारियों की सूची में भी शामिल हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की नौकरी पर संकट

# शेख हसीना सरकार जाने के बाद 49 शिक्षकों से जबरन लिया गया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से अब तक हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। अल्पसंख्यकों के एक संगठन ने यह जानकारी दी। बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार ने अल्पसंख्यकों के संगठन हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद के हवाले से ये जानकारी दी है। परिषद ने शनिवार को ढाका में संवाददाता सम्मेलन बुलाकर हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों पर हमलों के बारे में बताया है। संगठन के समन्वयक साजिब सरकार ने कहा कि शेख हसीना के पीएम पद से हटने और देश छोड़कर



जाने के बाद कई दिन तक जारी रही हिंसा में देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट की घटनाएं हुईं। इनमें से कम से कम 49 को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। रिपोर्ट में साजिब के हवाले से कहा गया कि बाद में 19 की नौकरी को बहाल कर दिया गया।

### अल्पसंख्यकों पर हमलों के अब तक 205 मामले

साजिब सरकार ने कहा कि हसीना सरकार गिरने के बाद हुई हिंसा के दौरान धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हमलों, लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और व्यवसायों पर आगजनी और हत्याओं जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा। देश की राजधानी समेत कई बड़े शहरों में भी हिंदुओं पर हमले हुए। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार, हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से 52 जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर हमले की कम से कम 205 घटनाएं हुईं। बांग्लादेश में शेख हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी है। मोहम्मद यूनुस ने हिंसा रोकने की अपील की है और हिंदुओं को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है। हालांकि यूनुस की अपील के बावजूद हिंसा की घटनाएं आती रही हैं।

### यूनुस सरकार ने बढ़ाई सीमा पर सुरक्षा

भय और डर की वजह से बांग्लादेशी अवैध तरीकों से भारत का रुख कर रहे हैं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यूनुस सरकार ने भारत से लगती सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अंदेशा है कि नागरिक सुरक्षा के भय से भारत भाग सकते हैं। इसके लिए सीमा पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम ने एक संदेश में कहा कि बीजीबी ने अवैध आवाजाही को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है। अर्धसैनिक बल ने जनता से अवैध रूप से सीमा पार करने वाले लोगों के बारे में दो मोबाइल फोन नंबरों पर जानकारी देने को भी कहा है। इस्लाम ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया, क्योंकि कई लोग देश भर में सीमा के माध्यम से भारत भागने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेबी ने यह कदम उठाया है ताकि कोई भी सीमा पार बांग्लादेश नहीं छोड़ सके। पिछले हफ्ते बीजेपी कर्मियों ने सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग के रिटायर जज एएएम शम्सुद्दीन चौधरी माणिक को हिरासत में लिया था। वह कथित तौर पर सिलहट सेक्टर में सीमा से भारत भाग रहे थे। वहीं, मेघालय की पुलिस ने बांग्लादेश की सीमा से लगे जैंतिया हिल्स जिले में अवामी लीग के नेता इशाक अली खान पन्ना का शव बरामद किया था।

## पेज एक के शेष

### वंदे भारत स्लीपर में...

बता दें कि रेलवे ने इस ट्रेन में ऐसी आधुनिक सुविधाएं दी हैं, जो देश की किसी अन्य ट्रेनों में नहीं मिलेगी। फर्स्ट एसी कोच में पहली बार यात्रियों को नहाने के लिए गर्म पानी मिलेगा। सोने के लिए स्लीपर सीट अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में बड़ी है। ट्रेन के 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेगी, लेकिन इसका अहसास कोच में सोने व बैठने वाले यात्रियों को नहीं होगा। कोच का इंटीरियर डिजाइन और सुविधा होटल की तर्ज पर लग्जरी है।

### लंबी दूरी के लिए...

जाएगा। रेलवे का दावा है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में उत्पादन इकाई का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्यमंत्री वी. सोमन्ना भी उनके साथ मौजूद रहे।

### वंदे भारत स्लीपर...

होंगे। ट्रेन में 11 थर्ड एसी कोच में 611 बर्थ, 4 सेकंड एसी कोच में 188 बर्थ और एक फर्स्ट एसी कोच में 24 बर्थ शामिल हैं। ट्रेन में कुल बर्थ 823 होंगे।

### गुजरात के बाद...

से जलमग्न हो गया। यहां रेलवे पटरियां बह गईं। बारिश को देखते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी अधिकारियों को संभावित घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में रह रहे लोगों को शिविरों में चले जाने की सलाह भी दी है। हैदराबाद स्थित मौसम विभाग केंद्र ने जानकारी दी है कि आदिलाबाद, निजामाबाद, कमारेड्डी, महबूबनगर, नारायणपेट समेत कई जिलों में रविवार को भारी बारिश का अनुमान बताया है। इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। आंधप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सीनियर अधिकारियों के साथ मौसम की स्थिति की समीक्षा की। उनसे बाढ़ का आकलन करने और उसके अनुसार राहत व बचाव अभियान संचालित करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी ने बताया कि उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों पर बना अवदाब रविवार तड़के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा जो कलिंगपट्टनम के पास दक्षिणी राज्य के तट को पार कर गया। इसी के कारण राज्य में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही थी।
**धान की फसल पानी में डूबी :** आंध्रप्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुड़ी अनिता ने बताया कि बारिश के कारण 62,644 हेक्टेयर धान की फसल और 7,218 हेक्टेयर बाग जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में टोल फ्री नंबर और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। साथ ही स्थिति पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।
**गुजरात जाएगी गृह मंत्रालय की टीम :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम गठित की है। टीम शीघ्र ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी, जहां 25 से 30 अगस्त के बीच भारी से बहुत भारी वर्षा हुई थी। छब्बीस और 27 अगस्त को राज्य भर में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने गुजरात में वर्षा और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया है।

### न्याय की मांग, सड़क...

शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों द्वारा किया गया था, जबकि दूसरी रैली में एक प्रसिद्ध कॉन्वेंट स्कूल के छात्र और पूर्व छात्र शामिल थे, दोनों ने चिकित्सक के लिए न्याय की मांग की। कॉलेज स्क्वायर से शुरू हुई इस विशाल रैली में, सेन ने स्वस्तिका मुखर्जी, सुदीप्त चक्रवर्ती, चैती घोषाल, सोहिनी सरकार और अन्य साथी कलाकारों के साथ सेंट्रल एवेन्यू में मार्च किया और स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अभिनेता से निर्देशक बनी अपर्णा ने कहा, हम न्याय की मांग करते हुए एक साथ सड़क पर चल रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो मैं फिर से सड़क पर उतरूंगी। उन्होंने कहा, आम लोगों को जवाब मांगने और सच्चाई जानने का अधिकार है। गहरी पीड़ा हमारे दिल की गहराई से निकलती है। लेकिन हमें न्यायपालिका पर भरोसा है और हम जांच को लेकर आशान्वित हैं।
**टीएमसी-भाजपा का भी प्रदर्शन :** तृणमूल कांग्रेस की महिला सदस्यों ने बलात्कारियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए कानूनों में संशोधन की वकालत करते हुए विभिन्न प्रखंडों में विरोध प्रदर्शन किया।

## मॉलीवुड में यौन उत्पीड़न

# ममूटी ने तोड़ी चुप्पी, कहा- सिनेमा का जिंदा रहना जरूरी!

**तिरुवनंतपुरम।** केरल फिल्म इंडस्ट्री (मलयालम फिल्म इंडस्ट्री) में इस समय हलचल है। हेमा कमेटी रिपोर्ट के सामने आने के बाद कई एक्ट्रेसेस ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के खुलासे किए हैं और भयावह आपबीती सुनाई है। मॉलीवुड में किसी के साथ सेट पर अब्यूज हुआ तो कोई कास्टिंग काउच का शिकार हुआ। कई जाने-माने एक्टर्स पर आरोप लगे हैं और अब दिग्गज एक्टर ममूटी ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया है कि आखिर इतने लंबे समय तक इस मामले पर वो चुप्पी क्यों साधे रहे। ममूटी ने आखिरकार हेमा कमेटी की रिपोर्ट और केरल फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के मामलों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। फेसबुक पर अपनी राय व्यक्त करते हुए मलयालम सुपरस्टार ने रिपोर्ट का स्वागत किया।



### 'अब समय आ गया है कि सभी एकसाथ खड़े हों'

72 साल के एक्टर ने कहा, 'इस मामले में कुछ भी अप्रिय होने से रोकने के लिए फिल्ममेकर्स को सावधान होना चाहिए। जस्टिस हेमा कमेटी को फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानने, रिपोर्ट तैयार करने, सलाह देने और कुछ भी गलत होने पर कार्रवाई करने लिए सरकार द्वारा गठित किया गया था। मैं उस रिपोर्ट में उजागर सभी सुझावों और समाधानों का तहे दिल से स्वागत करता हूं और उनका समर्थन करता हूं। अब समय आ गया है कि फिल्म इंडस्ट्री के सभी एसोसिएशन उन्हें लागू करने के लिए एकसाथ खड़े हों।'

# 70 लाख की फिरौती मांगने वाले आर्मी के 2 जवान गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ फरीदकोट

पंजाब के फरीदकोट में एक व्यापारी से फोन पर 70 लाख की फिरौती मांगी गई और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की. फिर पुलिस ने अपनी तकनीकी टीम की मदद से फोन कॉल की जांच की तो उसमें सेना के दो जवानों के नंबर मिले, जो इसी इलाके के रहने वाले थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, फरीदकोट पुलिस ने फिरौती के एक मामले को सुलझाया है, जिसमें चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कुछ दिन पहले फरीदकोट के कोटकपूरा इलाके के एक व्यापारी से 70 लाख की फिरौती मांगी गई थी और न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस मामले में व्यापारी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी? एसपी जसमीत सिंह ने बताया कि कोटकपूरा के एक व्यापारी से 70 लाख की फिरौती मांगी गई थी। शिकायत के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. जांच शुरू की गई, जिसमें सामने आया कि कोटकपूरा क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले दो आर्मी जवानों ने यह फिरौती मांगी थी। हमने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### पुलिस मामले में कर रही है जांच

पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच की तो फिरौती मांगने वाला कोई अपराधी या गैंगस्टर नहीं बल्कि आर्मी का जवान निकला, जो फिलहाल सेना में सेवारत है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और जांच कर रही है कि क्या इन दोनों ने अकेले ही यह योजना बनाई थी या कोई और भी इनकी योजना में शामिल है।

## मथुरा की शाही ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी

**मथुरा।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के पास कार सवार एक युवक ने रविवार दोपहर को सनसनी मचा दी। कार में खुद को बंद कर पहले युवक ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया। पुलिस ने उसे शीशा तोड़कर बाहर निकाला को वह कहने लगा कि वह शाही ईदगाह मस्जिद को उड़ाने आया है। खुफिया एजेंसियों से लेकर जिला पुलिस तक के हाथ पांव फूल गए। पुलिस की गहन पड़ताल में जानकारी हुई कि युवक के चार बेटे खत्म हो चुके हैं। इसके चलते वह मानसिक रूप से ठीक नहीं है। उसके परिजन भी आ गए। देर शाम तक पुलिस ने उसे हिरासत में रखा। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि युवक की पहचान पुष्पेंद्र चौधरी निवासी मीरा विहार कालोनी, जमुनापार के तौर पर हुई है। उसने लोन में कार ले रखी है, जिसे टैक्सी के रूप में चलाता है।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड भाटापारा

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

### बिजली बंद की सूचना

छ.स्टे.पा.डि.क.लिमिटेड भाटापारा संभाग के अधिनस्थ कार्यालय भाटापारा-जोन के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03/09/2024 को 33/11 के.व्ही. भाटापारा शहर उपकेन्द्र का आवश्यक मेन्टेनेस यथा 33 के.व्ही. आइसोलेटर रिप्लेसमेंट, 11 के.व्ही. आइसोलेटर रिप्लेसमेंट, व्ही.सी.बी. एवं पॉवर ट्रांसफार्मर का मेन्टेनेंस किया जाना है। उक्त कार्य हेतु समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक व समय | 220/132/33 के.व्ही. उपकेंद्र/फीडर/पॉवर ट्रांसफार्मर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 03/09/2024 (मंगलवार) सुबह 10:00 बजे से 05:00 बजे तक | 11 के.व्ही. रेल्वे फीडर | 11 के.व्ही. रेल्वे फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | | 11 के.व्ही. मण्डी फीडर | 11 के.व्ही. मण्डी फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | | 11 के.व्ही. देवरी फीडर | 11 के.व्ही. देवरी फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | | 11 के.व्ही. रेस्ट हाउस फीडर | 11 के.व्ही. रेस्ट हाउस फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 5 | | 11 के.व्ही. टोहड़ीघाट फीडर | 11 के.व्ही. टोहड़ीघाटे फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | | 11 के.व्ही. टिकुलिया फीडर | 11 के.व्ही. टिकुलिया फीडर से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।
1. "स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें।"
2. "समयावधि में देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें।"

(एन.के.सोनी)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा
कर्मचारी क्रमांक 91542851


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# चार पुलिसवालों ने की फर्जी ड्रग्स मामले में फंसाने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

■ महाराष्ट्र का मामला

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक शख्स को फर्जी ड्रग्स मामले में फंसाने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिसकर्मियों ने एक निर्दोष व्यक्ति को फंसाने की कोशिश की लेकिन सीसीटीवी फुटेज ने सारे राज उगल दिए और अब चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। फुटेज में आरोपी पुलिसकर्मी एक व्यक्ति को हिरासत में लेने से पहले उसे कथित तौर पर ड्रग्स देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस ने चारों को सस्पेंड करने के बाद में विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं। यह पूरा का पूरा घटनाक्रम शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें दो पुलिसकर्मी एक व्यक्ति की तलाशी लेते नजर आ रहे थे, जबकि दो वहां पर मौजूद थे।

### चार पुलिसकर्मी निलंबित

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस राजतिलक रोशन ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि सस्पेंड किए गए पुलिसकर्मियों में एक एसआई और तीन कॉस्टेबल हैं। वे ड्रग्स की जानकारी मिलने के बाद मौके पर छापा मारने पहुंचे थे। डीसीपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में पुलिसकर्मी काम करते दिखे। उन्होंने छापा मारने के बाद में कानूनी प्रक्रिया का भी ध्यान नहीं रखा।

## शब्द पहेली - 5620



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5619 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | ध | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल - 5631

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5630 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के बीच विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई। नागपुर में दिग्गज नेताओं के बीच अहम बैठक हुई। इस दौरान सीटों के बंटवारे पर बातचीत की गई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में हो सकते हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक करीब तीन घंटे तक चली।

सीएम शिंदे, उपमुख्यमंत्री फडणवीस और अजित पवार ने किया नागपुर में मंथन

# महायुति में सीट शेयरिंग पर चर्चा, 173 सीटों पर सहमति

## शेष 115 सीटों पर भी जल्द ही लिया जाएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नागपुर

सूत्रों ने बताया कि बैठक पिछले दो-तीन दौर की शुरुआती चर्चाओं के बाद हुई। सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर दो से तीन बैठकों के बाद लगेगी। एनसीपी के सूत्रों ने बताया कि 173 सीटों पर सहमति बन गई है, जिसमें भाजपा सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की पार्टी का नंबर आता है। उन्होंने बताया कि शेष 115 सीटों पर जल्द ही महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, सीएम शिंदे और वरिष्ठ राकांपा नेता सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।



### 'बातचीत 10 दिनों में पूरी हो जाएगी'

इस बीच महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत 10 दिनों में पूरी हो जाएगी। उन्होंने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि सीटों की संख्या नहीं, बल्कि जीतने की संभावना ही मापदंड होगी। बावनकुले ने कहा कि महायुति में सीटों के बंटवारे पर बातचीत 10 दिनों में पूरी हो जाएगी। हमने तय किया है कि जीतने की क्षमता के आधार पर सीटें आवंटित की जाएंगी। हम अपने सहयोगियों के लिए कुछ सीटें छोड़ेंगे। कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा? यह महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि हर हाल में राज्य में डबल इंजन की सरकार हो, ताकि लोगों के कल्याण के लिए चल रही योजनाएं जारी रहें। बावनकुले ने यह भी कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसी टिप्पणियां न करें, जिससे गठबंधन में मतभेद पैदा हों। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर पार्टी की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जेजेपी के कई विधायक भाजपा में शामिल अंबाला की मेयर ने थामा कमल



हरियाणा में आगामी चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने जींद में एक बड़ी जन आशीर्वाद रैली का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, पार्टी प्रभारी विप्लव देव, रामकुमार गौतम, जोगीराम सिहाग समेत कई बड़े नेता पहुंचे। इस रैली में कई दिग्गज नेताओं के भाजपा में शामिल होने की खबर ने सियासी हलचल मचा दी है। रैली के दौरान अनूप धानक, रामकुमार गौतम, जोगीराम सिहाग, अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया। सीएम नायब सैनी ने कहा कि लोकतंत्र मजबूत करने के लिए कोई वोट से वंचित न रहे इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कहा भाजपा चुनाव से डर गई। ऐसा कहकर कांग्रेस ने गलत प्रचार शुरू किया। लेकिन भाजपा ने हमेशा स्वच्छ लोकतंत्र को बढ़ावा दिया है और कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर लोगों का शोषण किया है।

## खबर संक्षेप

### 'घिनौने अपराध से ज्यादा खतरनाक लोगों की चुप्पी'



**ऋषिकेश।** कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले से पूरे देश में आक्रोश है। अब इस मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी बयान दिया है। सभापति ने कहा कि कोलकाता जैसी घटनाएं पूरी सभ्यता को शर्मसार कर देती हैं। जब मानवता शर्मसार होती है, तो कुछ छिटपुट आवाजें आती हैं। ऐसी आवाजें जो चिंता का कारण बनती हैं। वे केवल हमारे दर्द को बढ़ाती हैं। इसे हल्के में कहें तो वे हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़क रहे हैं।

### 'रूसी जासूस' व्हेल नार्वे की जलसीमा में मृत मिली

**हेलसिंकी।** पहली बार रूसी जलक्षेत्र के पास नॉर्वे में उपकरण के साथ देखी गई ''ह्वाल्डिमिर'' नामक सफेद बेलुगा व्हेल मृत पाई गई है। उसके बारे में अफवाह थी कि वह रूस की जासूस हो सकती है। नॉर्वे के सरकारी प्रसारक एनआरके ने बताया कि व्हेल का शव शनिवार को दक्षिणी नॉर्वे के रिसाविका खाड़ी में मछली पकड़ रहे पिता और पुत्र को बहता दिखा। इस व्हेल का नाम नार्वेयाई भाषा के शब्द 'ह्वाल' और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रथम नाम व्लादिमीर को मिलाकर रखा गया था। इस व्हेल के शव को क्रेन की मदद से पानी से बाहर निकाला गया।

### 'मिया बिहू' को लोकप्रिय बनाने की कोशिश, गायक गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि 'मिया बिहू' को लोकप्रिय बनाने की कोशिश के आरोप में एक गायक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी असमिया व्यक्ति अपने पारंपरिक बिहू गीतों को 'बहुत अलग' बनाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। शर्मा ने शनिवार देर रात फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, ''कुछ लोग 'मिया बिहू' को लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे ही एक गायक अल्ताफ हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।'' रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा साझा की गई 2.27 मिनट की वीडियो क्लिप में शर्मा ने जोर देकर कहा कि जब तक असमिया समाज कायम रहेगा।

### झारखंड में सभी 81 विधानसभा सीटों की तैयारी : कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस की तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग कमेटी ने रविवार को कहा कि पार्टी फिलहाल झारखंड में सभी 81 विधानसभा सीट के लिए अपनी तैयारी कर रही है। गिरीश चोडणकर की अध्यक्षता वाली कमेटी इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों की समीक्षा करने के वास्ते शनिवार को राजधानी रांची पहुंची। पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाह रहे सभी लोगों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। चोडणकर ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''हमें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## शिवाजी मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी ने किया प्रदर्शन

जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन

# शिंदे-फडणवीस की फोटो पर उद्धव ने मारी चप्पल

*महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में रविवार को महाविकास अघाड़ी (एमवीए) मुंबई में प्रदर्शन किया। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया। एमवीए ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत एमवीए की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उद्धव ठाकरे ने सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उद्धव ने कहा- महाराष्ट्र जो कुछ भी चल रहा है कि इसे मैं राजनीति नही मानता हूं। इस गलती को माफी नही है। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इधर, सीएम शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। इधर, भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया।

### भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ किया प्रोटेस्ट







मोदी की माफी अहंकार से भरी : उद्धव ने कहा- अपना दुख व्यक्त करने के लिए हमने गेट वे ऑफ इंडिया चुना है। यहां से भाजपा का गेट आउट ऑफ इंडिया करना है। उन्होंने कहा- 'क्या आपने (पीएम मोदी की) माफी में अहंकार देखा? इसमें अहंकार की बू आ रही थी। एक उपमुख्यमंत्री मुस्कुरा रहे थे।' उन्होंने कहा, 'गलती को माफ नहीं किया जा सकता. और मोदी ने माफी क्यों मांगी? पुतला गिरे इसके लिए या प्रतिमा में भ्रष्टाचार हुआ इसके लिए माफी मांगी है। मोदी किस-किस के लिए माफी मांगेंगे। जल्दबाजी में चुनाव के लिए राम मंदिर का उद्घाटन किया, संसद भवन का उद्घाटन किया सब से पानी टपक रहा है।

### पीएम मोदी ने प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी

*27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, "हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं।*

### चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी : शिंदे

*इधर इस प्रदर्शन पर सीएम शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा और उन पर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। शिंदे ने कहा कि 'उद्धव ठाकरे के काम औरंगजेब और अफजल खान जैसे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार और उनके द्वारा इस 'दर्दनाक' घटना के लिए माफी मांगने के बावजूद विपक्ष राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित कर्नाटक में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति को दो जेसीबी से उखाड़ दिया गया। शिंदे ने कहा, 'महाराष्ट्र के लोगों ने दो साल पहले उन्हें (ठाकरे) उनकी जगह दिखा दी थी। आप नाम छत्रपति शिवाजी महाराज का लेते हैं, लेकिन आपके काम औरंगजेब और अफजल खान के हैं।' उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोग विपक्ष को सबक सिखाएंगे. अंतिम मुगल शासक औरंगजेब छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतिद्वंद्वी था।*

# जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्यागी ने दिया त्यागपत्र पार्टी बोली- निजी वजह

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है। त्यागी की जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है।

### इजराइल को मदद और अग्निवीर पर उठाए थे सवाल



### भाजपा की नाराजगी के चलते हुई छुट्टी!

माना जा रहा है, त्यागी ने इजराइल को मदद और अग्निवीर पर जो सवाल उठाए थे, इससे भाजपा नाराज थी। इसीलिए उनकी छुट्टी कर दी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली में बैठकर हर मुद्दे पर टिप्पणी करना भी केसी त्यागी को भारी पड़ गया क्योंकि वे हर मुद्दे पर अपनी बेबाक राय रखते थे और पटना में बैठी जेडीयू की लीडरशिप इसे बर्दाश्त न कर सकी। उनके बयानों से ऐसा लग रहा था कि जेडीयू और एनडीए की राय अलग-अलग है।

### ममता को असम में बड़ा झटका, बोरा ने पार्टी छोड़ी



**गुवाहाटी।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी) असम में बड़ा झटका लगा है। टीएमसी की असम इकाई के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य के लोग टीएमसी को पश्चिम बंगाल की एक क्षेत्रीय पार्टी मानते हैं और इसे अपना मानने के इच्छुक नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को लिखे पत्र में पूर्व राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को असम में टीएमसी को स्वीकार्य बनाने के लिए कई सुझाव दिए थे, लेकिन उन पर कोई काम नहीं किया गया।

पूर्व सीएम चन्नी की चेतावनी

# 'एसजीपीसी की परमिशन के बिना नहीं चलने देंगे 'इमरजेंसी'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा है कि एसजीपीसी की परमिशन के बिना न तो फिल्म चलेगी और न ही चलने दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'कंगना को ज्यादा सीरियस नहीं लेना चाहिए। चन्नी ने कहा, 'पंजाब, हरियाणा, हिमाचल यह पुराने पंजाब का हिस्सा है और सभी का आपस में भाईचारा है। आपसी सांझ न कभी टूटी है और न टूटने दी जाएगी। इसे बरकरार रखना है और कोई भी ताकत इसे तोड़ने की कोशिश करेगी तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



### 'कंगना को ज्यादा सीरियस लेने की कोई जरूरत नहीं'

चन्नी ने कहा, 'देश की आजादी के बाद पंजाब का इतिहास है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई प्यार से रहे हैं और आज तक यहां दंगा फसाद की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को ज्यादा सीरियस लेने की कोई जरूरत नहीं है। रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि जहां भी सिख इतिहास को लेकर दिखाया जाना है, उसके लिए पहले एसजीपीसी को फिल्म दिखाकर उनसे परमिशन ली जाए। एसजीपीसी सिख समुदाय की सिरमोर संस्था है और उससे परमिशन लेनी जरूरी है।

'एसजीपीसी का सर्टिफिकेट जरूरी': चन्नी ने कहा, 'अगर उन्हें अपनी फिल्म चलानी है तो पहले एसजीपीसी को फिल्म दिखाई जाए और सिख इतिहास का किरदार सही से दिखाया जाए। एसजीपीसी ही डिसाइड करेगी और उनके सर्टिफिकेट के बाद ही फिल्म चल पाएगी।

## पोला की पूजा...



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को 'पोला' त्यौहार की पूर्व संध्या पर बैलों की पूजा करते किसान।

### रूस ने यूक्रेन के 150 से अधिक ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए। यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। कुर्स्क क्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए गए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है। चौंतीस और ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र में नष्ट किए गए, 28 से अधिक ड्रोन वोरोनेझ क्षेत्र तथा 14 ड्रोन बेलगोरोद क्षेत्र में नष्ट किए गए, जिनकी सीमा यूक्रेन से लगती है। रूस के अंदरुनी क्षेत्र में भी ड्रोन नष्ट किए गए।

## नासा ने लिया बड़ा फैसला, दो महिला अंतरिक्ष यात्रियों को रोका गया

# विलियम्स को वापस लाने 4 की बजाय जाएंगे अब 2 एस्ट्रोनॉट्स

### 24 सितंबर 2024 को लॉन्च किया जाएगा क्रू-9 मिशन

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर की फरवरी 2025 में पृथ्वी पर वापसी होगी। दोनों अंतरिक्ष यात्री दो महीने से ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में मौजूद हैं। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को फरवरी 2025 तक टाल दिया गया। यह मिशन सिर्फ आठ दिन का ही था, लेकिन हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं पाई। अब सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के ड्रैगन क्रू कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। 24 सितंबर 2024 को क्रू-9 मिशन को लॉन्च किया जाएगा। पहले क्रू-9 मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री जाने वाले थे, लेकिन अब सिर्फ दो एस्ट्रोनॉट्स जाएंगे। इसकी वजह यह है कि लौटते समय सुनीता और बुच को वापस लाया जा सके। इसलिए दो अंतरिक्ष यात्रियों को रोक दिया गया है, उन्हें अगले मिशन में शामिल किया गया है। पहले योजना में इस मिशन की कमांडर जेना कार्डमैन थीं., पायलट निक हेग, मिशन स्पेशलिस्ट स्टेफनी विल्सन और रूसी कॉस्मोनॉट मिशन स्पेशलिस्ट एलेक्जेंडर गोरबुनोव को जाना था। अब इस सिर्फ दो परुष अंतरिक्ष यात्री रूसी एस्ट्रोनॉट एलेक्जेंडर गोरबुनोव और पायलट निक हेग जाएंगे। दोनों महिला अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन और स्टेफनी विल्सन इस मिशन में नहीं जाएंगी, उन्हें अगले मिशन में शामिल किया गया है।





### मिशन कमांडर बने निक हेग

पहले के मिशन पायलट निक हेग को कमांडर बनाया गया है, तो वहीं एलेक्जेंडर के प्रोफाइल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। क्रू-9 मिशन के ड्रैगन कैप्सूल को अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करने के लिए पहले वहां जगह तैयार की जा रही है। बोईंग के खराब स्टारलाइनर को 6 सितंबर को अनडॉक किया जाएगा और वह 7 सितंबर को धरती पर लौट आएगा। इसके बाद ड्रैगन कैप्सूल उसकी जगह पर डॉक होगा।

# हमास की सुरंग में मिले 6 इजराइली बंधकों के शव

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने गाजा के राफा में हमास की सुरंगों से 6 बंधकों के शव बरामद किए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइली सेना आईडीएफ ने बताया कि सैनिकों के वहां पहुंचने से कुछ देर पहले ही हमास ने इन बंधकों को बर्बरता के साथ मार डाला।

■ आईडीएफ बोली- हमारे पहुंचने से कुछ समय पहले ही हत्या

मारे गए बंधकों में 23 साल का अमेरिकी मूल का इजराइली शख्स हेर्श गोल्डबर्ग भी शामिल है। आईडीएफ ने बताया कि उन्हें इलाके में 6 बंधकों के मौजूद होने की खबर मिली थी। इस वजह से सेना बहुत ही सतर्कता के साथ आगे बढ़ रही थी। शनिवार को उन्हें हमास की एक सुरंग का पता चला।

### वेस्ट बैंक में इजराइल की रेड में 17 फिलिस्तीनियों की मौत

दूसरी तरफ, इजराइल पिछले 5 दिनों से वेस्ट बैंक में ऑपरेशन चला रहा है। तुल्कार्म और जेनिन शहर में इजराइली सेना की रेड में अब तक 17 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इनमें फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद का एक कमांडर भी शामिल है। यह पिछले एक साल में वेस्ट बैंक में इजराइल का सबसे बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन है। वेस्ट बैंक की सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां तैनात हैं।

## खबर संक्षेप

### नक्सलियों ने नई रेल लाइन का किया विरोध

**जगदलपुर।** नई रेल लाइन का नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी ने पत्र जारी करते हुए इसका विरोध किया है। नक्सल संगठन का कहना है कि नई रेल लाइन निर्माण से आदिवासियों की जमीन पर होगा कब्जा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने गढ़चिरौली-बीजापुर-बचेली तक 490 किमी व कोरबा से अम्बिकापुर तक 180 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण को मंजूरी दी है। इसे लेकर रविवार को नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी के सचिव मोहन ने प्रेस नोट जारी कर विरोध जताया है। सचिव मोहन ने प्रेसनोट जारी कर सरकार पर कार्पोरेटीकरण, सैन्यीकरण और उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दबे 2 मजदूर, एक की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर के पंचायत भवन के सामने ट्रैक्टर पलट जाने से दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को गवाहों एवं मृतक के परिजनों ने अपने कथन में बताया कि गांव के पंचायत भवन के सामने में सीसी रोड़ निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें 10 अगस्त 2024 को किशन बरिहा अपने दोस्तों के साथ मजदूरी करने गया था। दोपहर करीब 3 बजे ट्रैक्टर ट्राली से सीमेंट खाली करते समय ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना सुरक्षा मानदंड का पालन करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को खड़ी कर दिया था, जिससे ट्राली पलट गई। किशन बरिहा व संतोष पटेल ट्राली के नीचे दब गए।

# गांजा लेने पहुंचे युवकों को जूते की माला पहनाई, वीडियो वायरल होने से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय में आमापारा में गांजा लेने पहुँचे युवकों को मुहल्लेवासियों ने पूछताछ की। युवकों के पास लाला से गांजा लेना स्वीकार किया, वहीं मुहल्लेवासियों ने जूतों की माला पहनाकर स्वागत करते हुए उनको मुहल्ले से भगाते हुए कहा कि अब दुबारा यहाँ नजर मत आना।

वीडियों को देखकर यह लग रहा है कि यह वीडियों बीती रात को बनाए गए है। एक युवक से कुछ युवक पूछ रहे है कि यहाँ क्यों आएं, उसने बताया कि मैं बंगाल से हूँ और टेंट हाउस में काम करता हूँ। लाला के यहाँ गांजा लेने आया हूँ। वीडियों बनाने वाले और पूछताछ करने वालों ने उस युवक के गले में जूतों की माला पहनाकर स्वागत करने की बात कहीं और उसके बाद कहाँ कि यहाँ अब दुबारा नजर मत आना। इसके बाद दो युवक भी छत्तीसगढ़ से बाहर दूसरे राज्य से थे, वे भी गांजा लेने लाला के पास पहुँचे थे। इन दोनो युवकों को भी मुहल्लेवासियों ने जूतों की माला पहनाकर स्वागत करने की बात कहते हुए कहा कि अब दुबारा यहाँ नजर मत आना। इसके अलावा एक युवक का वीडियों है जो मजदूर वर्ग से लगता है, उसने भी स्वीकार किया कि लाला के यहाँ गांजा लेने पहुँचा हूँ, उसे भी जूता की माला पहनाकर भगाया गया। दो दिन पहले ही लाला ने मुहल्ले के कुछ युवकों पर विवाद को लेकर मामला दर्ज कराया था, उसके बाद यहाँ का माहौल गरमाया हुआ था। बीती रात को यह वीडियो वायरल होना शुरू हुआ और सुबह तक शहर के अधिकतम मोबाईल पर यह वीडियों पहुँच गए।

### वीडियो जारी होते ही पुलिस सक्रिय

वीडियो वायरल होने के बाद कांकेर पुलिस भी सक्रिय हो गई और सुबह से पुलिस की गाड़िया गांजा की पुड़िया बेचने वालों को पता लगाने में जुट गई है। पुलिस गांजा बेचने वाले किस किस चेहरे को उजागर करती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। पुलिस गांजा, सीरफ, दवाई, जुआं और सट्टा खिलानें वालों को दिनभर खंगालती रही। पुलिस ने अभी तक जो इनपुट मिला है, उसका खुलासा नहीं किया है, केवल सात आरोपियों के पकड़े जाने की पुष्टि किया है।



**सूखा नशे की भी हो रही बिक्री :** वीडियों वायरल होने के बाद नशे का खेल उजागर हो गया है। कुछ लोगों ने हरिभूमि को बताया कि गोली, सीरफ व इंजेक्शन भी कांकेर में बसों के माध्यम से पहुँच रहा है। इनको भी रोकने की जरूरत है, सूखे नशे की विक्रय की जानकारी कई जिम्मेदारों को है, परंतु कड़ी कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बढ़े हुए है।

# भतीजे के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

दुगली थानांतर्गत 6 माह पूर्व अज्ञात महिला की अधजली लाश वाले अंधेकत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतिका के पति ने अपने भतीजे के साथ मिलकर घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सामाग्री को जब्त कर आरोपी मनराखन नेताम तथा रामदेव सलाम मोहगांव भानुप्रतापपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

रविवार को कोतवाली के सामने जनसंवाद कक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशीलकुमार नायक ने अंधेकत्ल के मामले में प्रेसवार्ता ली। एएसपी श्री नायक ने बताया कि 7-8 फरवरी 2024 की रात्रि ग्राम भोलाबाहरा-मारागांव सीसी रोड से 20 मीटर की दूर पर 25 से 30 वर्षीय अज्ञात मृतिका की अधजली लाश मिली थी। डॉक्टर की शार्ट पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतिका के सिर, गर्दन, पेट में गंभीर चोट के कारण मौत होना पाया गया।



### तकनीकी साक्ष्य से हुई पहचान

विश्लेषण में तकनीकी साक्ष्य मिलने के बाद हुलिया के आधार पर थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर में सर्च किया गया। जहां श्रीमती जयंती पति मनराखन नेताम 33 वर्ष ग्राम मोहगांव को 6 फरवरी 2024 से लापता पाया गया। संदेह के आधार पर मनराखन नेताम को पकड़कर पूछताछ की गई। बारीकी से पूछताछ पर उसने बताया कि अपनी पत्नी जयंती को मारने के लिए रामदेव सलाम के साथ योजना बनाकर 7 फरवरी को वह अपनी पत्नी को घुमाकर लाता हूं, कहकर अपनी गाड़ी में बिठाकर और अपने भतीजे रामदेव सलाम को अपने मोटरसाइकिल में चलने को कहा। रास्ते में घने जंगल का फायदा उठाकर जयंती के सिर पर जेक राड से मारा। उसे घसीटते हुए रोड से कुछ दूर पर ले जाकर कटरी से उसके पेट और गला को काटा।

## मौसम : एर्राबोर का संपर्क जिला व ब्लाक मुख्यालय सुकमा व कोंटा से कटा

# राजमार्ग 30 जाम, एर्राबोर पुल पर चढ़ा बाढ़ का पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिले की लाइफ लाइन कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में एर्राबोर का संपर्क जिला मुख्यालय सुकमा और ब्लाक मुख्यालय कोंटा से कट गया है। बीते 3 दिनों से लगातार रूक-रूक हो रही भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बिरला गांव के पास बने थे। इस पुल के तेज बहाव में एक ग्रामीण अपने बच्चे को पुल पार करते नजर आया, हालांकि इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। रविवार की सुबह कुछ घंटों बाद बिरला पुल से पानी कम होने के बाद एर्राबोर पुल पर बाढ़ का पानी चढ़ने से मार्ग बाधित हो गया। ज्ञात हो कि राजमार्ग पर बने छोटे-छोटे पुल पुलियों पर लगातार हो रही अनवरत बारिश से यह हालात निर्मित हुई है। इसके चलते आंध्रप्रदेश

■ तेज बहाव होने के बावजूद लोग पार कर रहे पुल

### राजमेंद्री मार्ग पर भूस्खलन के चलते आवागमन बंद

सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को जारी लेटर में मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने चेतावनी जारी करते हुए भारी से अति भारी वर्षा अगले 24 घंटों में होने की जानकारी दी है। जिसमें जिला सुकमा येलो अलर्ट पर है गरज चमक के साथ वज्रपात व मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वही आंध्रप्रदेश पुलिस ने भी सूचना जारी करते हुए राजमेंद्री की ओर जाने वाले वाहनों व यात्री बसों के लिए मैरेड़पेल्ली घाट में भूस्खलन की संभावना जताते हुए आवागमन बंद रखने का ऐलान किया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** पोल्ट्री मेडिसिन की मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। **योग्यता- ग्रेजुएशन एंड्राइड मोबाइल एवं टू व्हीलर अनिवार्य सम्पर्क करें मोबाइल नंबर:- 8085585019.**(RO-2964)

**आवश्यकता है-** रियलएस्टेट मार्केटिंग कार्य हेतु अनुभवी लड़के एवं लडकियों के लिए सुनहरा मौका, प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी मनोज राजपूत लेआउट प्राइवेट लिमिटेड में अनुभवी मार्केटिंग प्रोफेशनल की आवश्यकता है चयनित उम्मीदवारों को सैलरी के साथ इंसेंटिव दिया जाएगा। **संपर्क करें- 7247006609, 7247006610.**(आरो नं - 6372)

क्लासीफाईड

**पैकिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** आटो पार्टस की पेकिंग हेतु मेहनती लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। **पता-186, मॉडल टाउन शिवाजी चौक के पास, नेहरू नगर भिलाई फोन - 8770483120, 8103772795,** वेतन 7000/- (आरो न.-572)

**गार्ड/सुपरवाइजर**

**आवश्यकता है-** TIRUPATI BALAJI FOODS, Tilda Neora Recruitment (Rice Mill) Security Guard/ Supervisor, Accountant, HR Executive, Production Dispatch/ Quality/ Store/ Maintenance Supervisor/ Truck/ Car Driver Contact- **9109994201, 8788197848.**(RO-2962)

**चिकित्साकर्मी**

**आवश्यकता है-** कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सूरजपुर हेतु Doctor (MBBS) Pharmacist (D/B Pharma), Laboratory Technician (DMLT), Driver (Heavy Vehicle Licence), mmuseclmpcg@gmail.com (RO-6470)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

**आवश्यकता है-** अनुभवी और स्मार्ट सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है **संपर्क करें:-** KOOL BEB'S **अग्रसेन चौक नेहरूनगर भिलाई । मो.- 9827490990.**(आरो न.-569)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए लड़कों एवं सेल्स मेन की आवश्यकता है। **मो. 7067048454** (RO-6472)

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 10000/- से 15000/- **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 **चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.**(RO-2955)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**खाना/मिस्त्री**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में खाना बनाने के लिए मिस्त्री की आवश्यकता है। टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की आवश्यकता है (पार्ट टाइम) **टेस्ट ऑफ़ पंजाब** Golcha enclave **के सामने मारुति** residenci **रोड** Amlidih **रायपुर 9826162764.**(RO-4449)

**सेनेटरी/शोरूम कार्य**

**आवश्यकता है-** टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। **सम्पर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड , मोवा थाना के सामने, रायपुर: मोबाइल : 9827109679.**(RO-233)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**कम्प्युटर/ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** शीतला एजेंसी (vehicle spare parts) में कंप्यूटर एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **संपर्क 9300229026, 9300629026, भाटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर** (RO-1751)

**अकाउंटेंट/टेलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 वेतन (7000-12000) (3) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10 वेतन 10000 +TA. Contact : **9589049626, 6232010617,** Mail :egenesis.2023@gmail.com, **हेड ऑफिस- इजेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई.**(आरो.-SP/1889)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

**मकान बेचना है-** शंकरनगर मेन रोड दुर्ग में स्थित मकान अतिशीघ्र बेचना है। साईज 2000 वर्गफीट **संपर्क करे:-मो.- 9893987304, 9993738918.**(आरो नं - 6373)

**मकान बेचना है-** दुर्ग साईंनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मत स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क करें:- 96916-31036, 91110-08008.** (आरो न.- 573)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**बेचना है -** रायपुर VIP सिटी सड्डु अंबुजा मॉल के आगे 1075 वर्गफीट प्लॉट में 2000 न्यू कंस्ट्रक्शन 4 BHK डुप्लेक्स मकान सर्व सुविधा युक्त तत्काल बेचना है **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9971596624, 8076337667.**(RO-2961)

**Purchase खरीदना**

**ज़मीन खरीदना है-** लगभग 5 लाख रुपया एकड़ भाव की 2-4 एकड़ खेती योग्य, डामर रोड टच, गैर आदिवासी, दुर्ग नगर से 50-60 किलोमीटर तक खरीदना है। **वाट्सएपः- 9039619131.**(आरो नं - 6374)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद



❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातू जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9174440077, 9009330088

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

चमड़ी रोग

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते। इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखुनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस) (आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255) 9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट) 9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़) समय - शाम 4 से 7 बजे। अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# एनएच 30 साकेत नगर में दिखा भालू, पास के मैदान में खेल रहे थे बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में अब जंगली जानवर का दिखना आम बात हो गया है। सेंट माईकल स्कूल के पास 1 सितंबर की शाम पौने 6 बजें भालू को देख सड़क में चल रहें राहगीरों ने रूक कर फोटो विडियो लेने लगे। लोगो के जमावड़ा को देख भालू भी डर गया और इधर उधर भागने लगा, जबकि जहाँ भालू था, वहाँ से कुछ ही दूरी पर मैदान में बच्चे खेल रहे थे। शहर के साकेत नगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 1 सितंबर को अचानक सड़क में भालू आ गया। राहगीरो ने भालू को देखने के लिए अपने वाहन को सड़क के किनारे खड़े कर भालू की तस्वीर कैद करने मे लग गए और धीरे धीरे भीड़ बढ़ने लगा। भीड़ को देख भालू डर गया और इधर उधर भागने का प्रयास किया। भालू जहां पर देखा गया, उससे कुछ दूरी पर स्कूल का खेल मैदान है, जहां पर बच्चे खेल रहें थे। गनीमत रहा कि भालू बच्चो के तरफ नही पहुंचा नही तो अप्रिय घटना होने की संभावना हो सकती थी। भीड़ से बचने के लिए भालू ने पहले तो स्कूल के खेल मैदान की ओर से निकलने का प्रयास किया, लेकिन खेल मैदान में बच्चे खेल रहे थे। बच्चों के भीड़ को देख भालू वापिस मेन रोड की तरफ आने लगा। लोगो की भीड़ को देख भालू अपने जगह 10 मिनट तक खड़ा रहा। लोगो के चिल्लाने से भालू पूरी तरह से सहम गया था। कुछ समय के लिए तो लग रहा था कि भालू आक्रमक होकर किसी पर हमला न कर दे। कुछ देर बाद वह स्कूल के बाउंड्रीवाल के किनारे से होते हुए जंगल की ओर चला गया।

# घायल तेंदुआ का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**धमतरी।** सामान्य वन मंडल धमतरी के जंगल में वन्य प्राणियों की चहलकदमी बढ़ गई है। हाथी, तेंदुआ, बंदर आदि जानवरों की खबर सुर्खियां बंटोर रही हैं। इसी कड़ी में रविवार की तड़के उत्तर सिंगपुर वन क्षेत्र में एक घायल तेंदुआ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया।



एसडीओ मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि मगरलोड ब्लाक के परसाबुड़ा कमारपारा में एक ग्रामीण के घर में बने शौचालय के अंदर तेंदुआ घुसा था। जब तेंदुए पर ग्रामीण की नजर पड़ी तो उसने शौचालय का दरवाजा बंद कर दिया। इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। शौचालय के शेड को हटाकर देखा तो तेंदुआ घायल अवस्था में था। वाइल्ड लाइफ टीम को सूचना दी गई। जंगल सफारी की टीम एवं डॉ. राकेश वर्मा की मौजूदगी में 2 से 2:30 घंटे के अंदर तेंदुआ का रेस्क्यू किया गया।

डॉ राकेश वर्मा के अनुसार तेंदुए के सिर पर चोट लगी है। संभवतः किसी गाड़ी में टकराकर वह घायल हुआ है। रेस्क्यू के बाद तेंदुआ को जंगल सफारी ले जाया गया है।

## वैज्ञानिक ने की अनोखी खोज

पृथ्वी का आंतरिक हिस्सा रहस्यों से भरा है। पृथ्वी की सतह के हजारों किमी नीचे वैज्ञानिकों ने एक अनोखी खोज की है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के केंद्र के करीब एक नई आकृति का पता लगाया है। यह गोल छल्ले के आकार की आकृति है। इससे वैज्ञानिक हैरान है।

# पृथ्वी के केंद्र में मिली हैरान करने वाली चीज, पहली बार दिखी छल्लेदार आकृति

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

पृथ्वी रहस्यों से भरी है। हमारे पैरों के हजारों किमी नीचे एक छल्ले के आकार का क्षेत्र खोजा गया है। यह क्षेत्र पृथ्वी के तरल कोर के भीतर है, जो हमारे ग्रह की चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के बारे में नए सुराग प्रदान करता है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसकी खोज की है। वैज्ञानिकों ने इसे डोनट के आकार का बताया है, जो गोल आकार का होता है और उसके बीच में छेद होता है। पृथ्वी के तरल कोर के भीतर की संरचना केवल कम अक्षांशों पर पाई जाती है और भूमध्य रेखा के समानांतर बैठती है।

### शोध दल ने भूकंपीय तरंगों का विश्लेषण किया



*साइंस एडवांसेज में इससे जुड़ा अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसने इस रोमांचक खोज की जानकारी दी। पृथ्वी की दो कोर परतें हैं। आंतरिक कोर जो एक ठोस परत है और बाहरी कोर जो एक तरल है। पृथ्वी के कोर के चारों ओर मेंटल है। नई खोज में मिला छल्लेदार आकार का क्षेत्र पृथ्वी के बाहरी कोर के शीर्ष पर है, इस खोज को करने वाले शोध दल ने बड़े भूकंपों से पैदा होने वाली भूकंपीय तरंगों का विश्लेषण किया।*

### खोज में शामिल हुए कई वैज्ञानिक



*एएनयू के भूभौतिकीविद् प्रोफेसर ह्वोजे टकालसिक भी इस खोज में शामिल थे। ये तरंगी पृथ्वी के अंदर से होकर गुजरती है, जिससे वैज्ञानिकों को इसकी आंतरिक संरचना की जानकारी मिलती है। वही इस खोज में कई वैज्ञानिक शामिल हुए थे। प्रोफेसर टकालसिक ने बताया कि शोधकर्ताओं ने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि तरल कोर के बाहरी हिस्से और मेंटल के बीच से गुजरती भूकंपीय तरंगें कैसे धीमी हो रही हैं।*

### तरंगे धीमी होने से नई परत का पता चला



उन्होंने कहा, 'ये तरंगे धीमी हुईं, जिससे पता चलता है कि बाहरी कोर के भीतर एक छल्लेदार या डोनट के आकार का क्षेत्र है, जो भूमध्य रेखा के समानांतर केंद्रित था। इस खोज से हमें पृथ्वी की जटिल संरचना में एक नई परत का पता चला है।' वैज्ञानिकों ने तुरंत भूकंप का अवलोकन करने की जगह झटकों के कई घंटों बाद तरंगों के बीच समानता का विश्लेषण किया। अध्ययन के सह लेखक डॉ. शियाओलोंग मा ने कहा कि यह खोज पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के कुछ रहस्यों को उजागर करती है।

## खबर संक्षेप

### लद्दाख में ड्यूटी के दौरान बलिदान हुए सुखवीर सिंह



**लेह।** सिपाही (डीएससी) सुखवीर सिंह ने 31 अगस्त 2024 को लद्दाख में ड्यूटी के दौरान बलिदान हो गए। भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारतीय सेना की उत्तरी कमान ने भी सिंह के परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और उनके सर्वोच्च बलिदान को मान्यता दी।

### इनेलो हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कलायत से लड़ेंगे चुनाव

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष रामपाल माजरा कैथल जिले के कलायत विधानसभा क्षेत्र से पांच अक्टूबर को होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व वाली पार्टी ने रविवार को सात और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। हरियाणा विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहा है ।

### बांग्लादेश के चिकित्सक हड़ताल पर गए

**ढाका।** ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण एक छात्र की मौत के बाद चिकित्साकर्मियों पर हुए हमले के विरोध में बांग्लादेश में सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों ने रविवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने हमले के दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की, साथ ही काम पर लौटने की पूर्व शर्त के रूप में कार्यस्थलों पर सुरक्षा की भी मांग की।

## भारत की दूसरी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में शामिल

# अरिघात पनडुब्बी आने से नौसेना की बढ़ी ताकत पाक-चीन के विशेषज्ञों ने माना भारत का लोहा

पाकिस्तानी एक्सपर्ट जहां भारत की ताकत का लोहा मान रहे हैं, तो वहीं चीन भी कह रहा है कि आईएनएस अरिघात के नौसेना में शामिल होने से भारत की परमाणु ताकत में वृद्धि हुई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में आतंकवाद फैलाने में माहिर पाकिस्तान और दूसरे देशों की जमीन कब्जाने वाले चीन जैसे पड़ोसियों से घिरे भारत की ताकत में और इजाफा हो गया है। हाल ही में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस आईएनएस अरिघात पनडुब्बी नौसेना में शामिल हो गई।

इससे देश की परमाणु क्षमता को और मजबूती मिलने वाली है। आईएनएस अरिघात के शामिल होने को लेकर पाकिस्तानी और चीनी एक्सपर्ट्स की प्रतिक्रिया सामने आई है। दोनों देशों के डिफेंस एक्सपर्ट्स ने भारत की ताकत का लोहा माना है। साथ ही, पाकिस्तानी एक्सपर्ट ने तो भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा की है।





### भारत का रक्षा मंत्री बहुत तगड़ा है

पाकिस्तानी एक्सपर्ट कमर चीमा ने आईएनएस अरिघात पर बात की है। उन्होंने कहा है कि भारत थल, समुद्र और वायु तीनों से परमाणु हमले कर सकता है। हालांकि, यह ताकत पहले भी भारत के पास थी। अरिघात के शामिल होने से साफ है कि भारत नौसेना के ऊपर बहुत ज्यादा पैसा इन्वेस्ट करने जा रहा है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका में नेवल सर्फेस वॉर सेंटर गए थे। वहां जो भी मौजूद था, उसे देखा। कमर चीमा ने भारत का लोहा मानते हुए कहा, "सबमरीन को शामिल करने का जो कार्यक्रम था, उसमें रक्षा मंत्री आए थे। यह बड़ी चीज थी, जिसमें पीएम भी आ सकते थे, लेकिन वे नहीं आए। इसका मतलब है कि भारत का रक्षा मंत्री बहुत तगड़ा है और दूसरा मतलब यह है कि यह संदेश दिया गया है कि प्रधानमंत्री सिर्फ एक न्यूक्लियर सबमरीन के लिए नहीं आएंगे।

### अरिघात से चीन घबराया

चीन सरकार के आईएनएस अरिघात को लेकर एक आर्टिकल लिखा गया है। इसमें एक्सपर्ट ने शीर्षक दिया है कि भारत को दूसरी न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन को जिम्मेदारी से इस्तेमाल करना चाहिए। अरिघात से चीन भी कितना घबराया हुआ है। बता दे कि परमाणु ऊर्जा वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों के साथ, भारत की परमाणु प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही इसका इस्तेमाल करने की जिम्मेदारी भी आनी चाहिए। एक्सपर्ट ने कहा कि जब तक परमाणु हथियार मौजूद हैं, उनका उपयोग शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए, न कि ताकत दिखाने या परमाणु ब्लैकमेल करने के लिए।



# ...तो पहली बार राहुल विपक्ष के नेता के तौर पर जाएंगे विदेशष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान वह भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। राहुल की ये यात्रा 8 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक चलेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता के प्रोटोकॉल के साथ राहुल गांधी ये पहली विदेश यात्रा होगी। माना जा रहा है कि पहले वे एक सांसद के तौर पर जिस बेबाकी से भारत के बाहर जाकर भी अपने देश के विभिन्न विषयों पर जली कटी बातें कर लिया करते थे वे शायद विपक्ष के नेता के तौर पर शायद अब वे नहीं कर पायेंगे। विपक्ष के नेता के पद की एक अपनी गरिमा और प्रोटोकॉल होता है।

### क्या है कार्यक्रम?

राहुल गांधी 8 से 10 सितंबर तक यूएस दौरे पर हैं। राहुल गांधी 8 सितंबर को अमेरिका के डलास में होंगे। डलास में वह टेक्सास यूनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित करेंगे। 9 और 10 सितंबर को राहुल वाशिंगटन डीसी में होंगे। डलास में वह भारतीय समुदाय के लोगों से बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब से राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं, तब से 32 देशों में मौजूदगी वाली इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में मुझ पर भारतीय प्रवासी राजनयिकों, शिक्षाविदों, व्यापारियों, नेताओं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया और कई लोगों से राहुल के लिए अनुरोधों की बौछार हो गई है।'

### सैम पित्रोदा हैं कोऑर्निडिनेटर

*हालही में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने यह जानकारी दी थी कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी जल्द ही 3 दिवसीय अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। दरअसल राहुल पीएम मोदी के न्यूयॉर्क दौरे से पहले ही अमेरिका की यात्रा करेंगे। सैम के अनुसार, 'लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 8 से 10 सितंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे।'*

## चंपई के भाजपा में आने पर बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज

चौहान ने कहा- अब नहीं होगा यहां की जनता का अपमान

# जेएमएम अब केवल पति-पत्नी की पार्टी, वे 'झारखंड के टाइगर' की तरह

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो को झटका देते हुए पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम चंपई सोरेन भाजपाई हो चुके हैं। चंपई को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा वे सचमुच में झारखंड के टाइगर हैं। वे आंदोलन की भट्टी में तपकर निकले ऐसे नेता हैं, जिसने जेएमएम को खड़ा किया। जनता में उनका आदर है। वे झारखंड को बचाने के लिए भाजपा में आए हैं। सीएम रहते हुए उन्हें अपमानित किया गया।

### झामुमो को माली की तरह सींचा



शिवराज ने कहा कि चंपई ने झारखंड के निर्माण के लिए बहुत कठिन लड़ाई लड़ी और उनके प्रयासों के कारण ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य बनाया।" उन्होंने कहा कि चंपई ने झामुमो को माली की तरह सींचा, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा और चंपई ने यह संकल्प लिया है कि झारखंड और यहां की जनता का अब और अपमान नहीं होने दिया जाएगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी।

# सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को जल्द ही सामाजिक सुरक्षा देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफार्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, जोमैटो या ब्लिंकिट। मांडविया ने इनके लिए कहा कि हम उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति बना रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने उन्होंने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। बैठक में सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री मांडविया ने कहा- तरीके तलाश रहे



HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। औरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

# काठमांडू में अंतरष्ट्रीय मानवाधिकार सम्मेलन कल से, भारत होगा शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नेपाल एनएचआरआई के एशिया प्रशांत फोरम के साथ समन्वय में 3–5 सितंबर को काठमांडू में 'राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों में लैंगिक समावेशीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में नेपाल सरकार, एशिया–प्रशांतमंच के 26देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के एशिया प्रशांत मंच, मानवाधिकार उच्चायुक्त का कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम नेपाल, संयुक्त राष्ट्र महिला, यूएनएफपीए और अन्य के भाग लेने कीउम्मीद है । अब तक भारत, फिजी, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, मलेशिया, मालदीव, मंगोलिया, ओमान, फिलीपींस, कतर, थाईलैंड, के राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने भी भाग लेने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### अंतर्दृष्टि साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर

*राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नेपालआयोगका सदस्य डा. लीलीथापा ने कहा, यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर लैंगिक समानता और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए अंतर्दृष्टि साझा करने और साझेदारी को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है । हम इस सभा से सार्थक चर्चा और सार्थक परिणामों की आशा करते हैं । आयोगका सचिव मुरारी प्रसाद खरैल ने कहा, यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन और लैंगिक न्याय के मुद्दों की भी पुरजोर वकालत करेगा, जिसमें सतत विकास प्रयासों में लैंगिक दृष्टिकोण और नीति–निर्माण प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी शामिल है।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## टोयोटा की बिक्री अगस्त में 35 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** नई टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अगस्त में कुल थोक बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 30,879 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 22,910 गाड़ियां बेची थीं। घरेलू और निर्यात दोनों आंकड़े शामिल हैं। डीलर के पास उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि और बढ़ती हुई ग्राहक संख्या देख रहे हैं।

## कम आवक से खाद्य तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** सरकार के खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि की संभावना के कारण किसानों के मंडियों में आवक घटाने के बीच बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में सुधार देखने को मिला तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव मजबूत बंद हुए।

## हीरो मोटो कॉर्प ने भान को कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वैश्विक कारोबार मामलों के अपने मुख्य व्यापार अधिकारी संजय भान को पदोन्नत कर कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति एक सितंबर से प्रभाव में आ गयी है। ग्लोबल 'मार्केट इनसाइट्स फंक्शन' के साथ-साथ वैश्विक उत्पाद योजना पोर्टफोलियो का भी नेतृत्व करेंगे।

## किआ इंडिया की बिक्री में 17 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** किआ इंडिया की कुल थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 22,523 इकाई रही है। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 19,219 वाहन बेचे थे। बिक्री एवं विपणन मामलों के राष्ट्रीय प्रमुख हरदीप सिंह बराड़ ने एक बयान में कहा, ''यह सफलता कंपनी के उत्पादों को रणनीतिक रूप से बेहतर बनाने का प्रमाण है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अगस्त में 4571 गाड़ियां बेची




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अगस्त में खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 4,571 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 4,185 गाड़ियां बेची थीं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बताया कि कुल खुदरा बिक्री में 35 प्रतिशत से अधिक नवीन ऊर्जा वाहन थे। इनमें कंपनी का प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन जेडएस और कॉमेट शामिल है।

## वी सतीश कुमार ने आईओसी चैयरमैन का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** वी सतीश कुमार ने रविवार को देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन का पदभार संभाला।आईओसी के लिए पूर्णकालिक चेयरमैन मिलने में देरी के बाद कंपनी में निदेशक (विपणन) कुमार को चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। वह निदेशक (विपणन) के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए चेयरमैन के रूप में भी काम करेंगे। उन्होंने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल अगस्त के अंतिम दिन पूरा हुआ।

# सेबी की इन 23 स्टॉक्स पर गिर सकती है गाज, एफएंडओ सेगमेंट से होंगे बाहर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। यह नियम एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया से जुड़ा हुआ है। इसका असर 23 अलग-अलग स्टॉक पर पड़ने वाला है। ये सभी स्टॉक एफएंडओ सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं।

- कई नई कंपनियों के शेयरों को इसमें मिल सकती है जगह

साथ ही इनका एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट भी बंद हो सकता है। साथ ही कई नई कंपनियों के शेयर को इसमें जगह मिल सकती है। सेबी के सर्कुलर के अनुसार, अब स्टॉक का मीडियन क्वार्टर सिग्मा ऑर्डर साइज कम से कम 75 लाख रुपए होना चाहिए। पहले यह सिर्फ 25 लाख रुपए ही था। इसके साथ ही मार्केट वाइड पोजिशन लिमिट भी 500 करोड़ रुपए बढ़ाकर 1,500 करोड़ रुपये कर दी गई है।

### मार्केट रेगुलेटर ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में नए नियम किए लागू

**फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से हट सकते हैं इन कंपनियों के स्टॉक**

लॉरेस लैब्स, चंबल फर्टिलाइजर्स,जेके सीमेंट , रामको सीमेंट्स, गुजरात गैस, टोरेंट फार्मा, सनटीवी नेटवर्क, दीपक नाइट्राइट, गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स,डॉ लाल पैथ लैब्स, यूनाइटेड ब्रेवरीज, महानगर गैस लिमिटेड, कोरोमंडल इंटरनेशनल, सिनजीन इंटरनेशनल, कैन फिन होम्स, अतुल लिमिटेड, ग्रेन्यूल्स इंडिया, सिटी यूनियन बैंक, बाटा इंडिया, एबॉट इंडिया,आईपीसीए लैबोरेट्रीज, ,मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, इंडियामार्ट इंटरमेश।




**लगातार 3 महीने तक क्राइटेरिया पूरा नहीं कर पाने वाले स्टॉक हटेंगे**

एक रिपोर्ट के अनुसार, सेबी ने 28 जून, 2024 को पेश किए प्रस्ताव को बदला नहीं है। साथ ही नई गाइडलाइन्स के हिसाब से सभी स्टॉक एक्सचेंज को काम करने के निर्देश दिए हैं। सेबी द्वारा लागू किए गए नए नियमों के अनुसार, फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के जो स्टॉक लगातार 3 महीने तक एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन्हें इस सेगमेंट से हटा दिया जाएगा।

*एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में किए गए यह बदलाव* इसके अलावा स्टॉक्स की एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू को 10 करोड़ रुपए से बढ़कर 35 करोड़ रुपए कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू में हुई जोरदार बढ़ोतरी की वजह से सेबी ने एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में 10 करोड़ रुपए की लिमिट को बढ़ाकर 35 करोड़ रुपए कर दिया है।

*नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं होंगे :* ऐसा होने के बाद इन स्टॉक्स के लिए एफएंडओ के नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं किए जाएंगे। ब्रोकरेज फर्म आईआईएफएल ने कहा है कि इन नए नियमों की वजह से 23 स्टॉक्स फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं। ऐसा होने पर उनके कॉन्ट्रैक्ट भी बंद हो जाएंगे।

### पीवीआर आईनॉक्स की घाटे से 70 स्क्रीन बंद करने की योजना

# पहली छमाही में भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष, 75 के साथ घाटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी-जून 2024 के दौरान अमेरिका और नीदरलैंड सहित 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था। दूसरी ओर इसे चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी और कहा कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जीटीआरआई ने साथ ही कहा कि देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

*भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है : यह खासकर चीन जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ''जनवरी से जून 2024 के बीच, भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष था, जो इसके निर्यात का 55.8 प्रतिशत और आयात का 16.5 प्रतिशत था।'*



- शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट
- अमेरिका, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था
- चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा
- भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले घाटे से चिंता बढ़ी

**सराफा पर शुल्क घटाकर छह प्रतिशत**

इस स्थिति से विशिष्ट आयातों पर निर्भरता को कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पता चलती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जिन देशों से मुख्य रूप से सोना, चांदी और हीरा का आयात करता है, उन्हें लेकर भी सजग रहना चाहिए, क्योंकि बजट में इन पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।

**मुंबई, पूणे और वडोदरा में होंगी स्क्रीन बंद**

सिनेमाघर चलाने वाली पीवीआर आईनॉक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70 घाटे में चल रहे स्क्रीन को बंद करने की योजना बनाई है। अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी ने मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-प्रमुख रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण यानी बाजार पर चढ़ाने के लिए भी कदम उठाएगी।

**2024-25 में 120 नई स्क्रीन जोड़ेगी**

कंपनी साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में 120 नयी स्क्रीन जोड़ेगी। वह ऐसे मौके तलाश रही है, जहां वृद्धि की अच्छी संभावनाएं हैं। लगभग 40 प्रतिशत नयी स्क्रीन दक्षिण भारत में खोली जाएंगी। कंपनी अपनी मध्यम से दीर्घकालिक रणनीति के अनुसार इस क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दे रही है।

**ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य**

पीवीआर आईनॉक्स चालू वित्त वर्ष में नयी स्क्रीन पर अपने पूंजीगत व्यय को 25 से 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए अपनी वृद्धि रणनीति को फिर से तय कर रही है। कंपनी अपने स्वामित्व वाली अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं भी तलाश रही है और उसने निकट भविष्य में शुद्ध ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है।

**मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही पीवीआर**

पीवीआर आईनॉक्स के प्रबंध निदेशक अजय कुमार बिजली और कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-मुख्य अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही है।

# अगस्त में जीएसटी संग्रह 10% बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- पिछले साल अगस्त में 1.59 लाख करोड़ रुपए था
- घरेलू राजस्व बढ़कर 9.2 प्रतिशत बढ़ा

अगस्त में कुल जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.75 लाख करोड़ रुपये हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ रुपये था, जबकि इस साल जुलाई में यह 1.82 लाख करोड़ रुपये था।

अगस्त 2024 में घरेलू राजस्व 9.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। वस्तुओं के आयात से सकल जीएसटी राजस्व 12.1 प्रतिशत बढ़कर 49,976 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन महीने में 24,460 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार जीएसटी राजस्व आलोच्य महीने में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इस साल का अभी तक का जीएसटी रेवेन्यू देखें तो इस साल के जनवरी-अगस्त के दौरान अभी तक 9,13,855 करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन मिल चुका है, ये 10.1 फीसदी की बढ़ोतरी है जबकि पिछले साल के अगस्त तक सरकार को कुल 8,29,796 करोड़ रुपये की कमाई जीएसटी कलेक्शन के जरिए हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली हो या दक्षिणी राज्य कर्नाटक, पश्चिम में महाराष्ट्र से लेकर पूर्व में असम तक राज्यों का जीएसटी कलेक्शन दिखाता है कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

**राज्यों का प्री-पोस्ट एसजीएसटी का हिस्सा बढ़ा**

राज्यों/यूनियन टेरेटरी के साथ अगस्त 2024 तक सेटल किए गए आंकड़ों को देखें तो इसमें राज्यों का कुल आईजीएसटी का एसजीएसटी हिस्सा बढ़ा है. ये अगस्त 2023 में 194,949 करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त 2024 में 213,219 करोड़ रुपये हो गया है। ये प्री-सैटलमेंट एसजीएसटी साल दर साल आधार पर 9 फीसदी का इजाफा दिखाता है। जबकि पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी 57,542 करोड़ रुपये से बढ़कर 395,867 करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह सालाना आधार पर इसमें 11 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है।

# मारुति सुजुकी की कुल बिक्री अगस्त में चार प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- यात्री वाहनों की थोक बिक्री में आई गिरावट

वाहन बनाने वाली मारुति सुजुकी इंडिया की अगस्त में कुल बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,81,782 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,89,082 गाड़ियों की बिक्री की थी।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने रविवार को बयान में कहा कि अगस्त में घरेलू बाजार में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,43,075 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में 1,56,114 इकाई थी।

ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 12,209 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री अगस्त में 20 प्रतिशत घटकर 58,051 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 72,451 इकाई थी। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, एर्टिगा, इनविक्टो, फ्रोंक्स और एक्सएल6 जैसे बहुपयोगी (यूटिलिटी) वाहनों की बिक्री पिछले महीने 62,684 इकाई रही, जबकि इससे पहले इसी महीने में यह 58,746 इकाई थी। पिछले महीने ईको की बिक्री 10,985 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,859 इकाई थी।

**निर्यात में बढ़ोतरी**


हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री अगस्त में 2,495 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 2,564 इकाई थी।कंपनी ने कहा कि अगस्त में उसका निर्यात बढ़कर 26,003 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में 24,614 इकाई था।

# पीएमआई जैसे आंकड़े देंगे शेयर बाजार को दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रुख, वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह कहा है। इसके अलावा, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव भी बाजार को दिशा देंगे।

स्वास्तिक इनवेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक सितंबर के मध्य में होनी है। लेकिन उससे पहले बाजार की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर होगी। विनिर्माण पीएमआई, गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े इस सप्ताह जारी होने हैं। ये सभी उल्लेखनीय रूप से बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''संस्थागत पूंजी प्रवाह भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''घरेलू बाजार में तेजी के पीछे प्राथमिक कारण अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद और घरेलू निवेशकों की लिवाली है।



- वैश्विक रुख व विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी डालेगी प्रभाव

**बाजार में बनी रहेगी तेजी**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध, संपत्ति प्रबंधन प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि शेयर केंद्रित कदम के साथ बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सप्ताह के दौरान जारी होने वाले वैश्विक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू बाजार को संकेत मिलना जारी रहेगा।''

**पिछले सप्ताह बाजार में रही उछाल**

पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 412.75 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी रही।

# भ्रामक विज्ञापनों को लेकर शंकर आईएएस अकादमी पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने रविवार को बताया कि उसने पाया कि कोचिंग संस्थान ने अपनी सफलता दर और सफल अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए पाठ्यक्रमों की प्रकृति के बारे में झूठे दावे किए थे। शंकर आईएएस अकादमी ने 2022 यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए अपने विज्ञापन में दावा किया कि /"अखिल भारतीय स्तर पर 933 में से 336 चयनित हुए/", /"शीर्ष 100 में 40 उम्मीदवार/", और /"तमिलनाडु से दो उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें से 37 ने शंकर आईएएस अकादमी से पढ़ाई की है/"।

# जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझानों में वृद्धि : टीमलीज सर्विसेज

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- नौकरी से असंतुष्टि के कारण जल्दी छोड़ने का रुझान

खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन और नौकरी से असंतुष्टि के कारण जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझानों में चार-पांच प्रतिशत की सालाना वृद्धि हो रही है। जल्दी नौकरी छोड़ने से तात्पर्य छह महीनों के भीतर या परिवीक्षा अवधि के दौरान ही कंपनी से बाहर चले जाने से है। ऐसा मुख्य रूप से उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, आईटी और सॉफ्टवेयर तथा बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) जैसे क्षेत्रों में देखा जा रहा है। टीमलीज सर्विसेज के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्बुराथिनम पी ने बताया, ''भारत में जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझान मुख्य रूप से 22-32 वर्ष आयु वर्ग में देखे जाते हैं और यह सालाना आधार पर 4-5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्य रूप से खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन, नौकरी से असंतुष्टि और अपर्याप्त वेतन जैसे कारक हैं। ऐसे में कर्मचारी बेहतर अवसरों की तलाश करते हैं। सुब्बुराथिनम ने कहा कि जल्दी नौकरी छोड़ने का यह अर्थ भी हो सकता है कि नौकरी के अधिक अवसर हैं, जिससे लोग नौकरी बदल सकते हैं।

## टीवीएस मोटर की बिक्री अगस्त में 13 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,91,588 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने अपने डीलरों को 3,45,848 गाड़ियां भेजी थीं। टीवीएस मोटर कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी कुल दोपहिया वाहन बिक्री 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,78,841 इकाई रही, जबकि पिछले साल अगस्त में 3,32,110 गाड़ियों की बिक्री हुई थी। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 2,89,073 इकाई हो गई, जो अगस्त 2023 में 2,56,619 इकाई थी। अगस्त में कुल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़कर 99,976 इकाई हो गया जो पिछले साल इसी महीने में 87,515 इकाई था।

### अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची महंगाई का सामना करना पड़ा

# पहली तिमाही के बाद रेस्तरां क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशियलिटी रेस्टोरेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंजनमॉय चटर्जी ने कहा है कि रेस्तरां उद्योग को अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची महंगाई और लोगों द्वारा बाहर कम खाने-पीने जैसी अस्थायी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

चटर्जी ने कहा कि लेकिन भारत के समग्र मजबूत बुनियाद के कारण रेस्तरां उद्योग में अब सुधार की उम्मीद है। कंपनी मेनलैंड चाइना, एशिया किचन बाय मेनलैंड चाइना, एपिसोड वन, हाका और स्वीट बंगाल जैसे कई ब्रांड की मालिक है।

**उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का प्रभाव**

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और कोविड महामारी के बाद 'रिवेंज ईटिंग' में कमी आने के बाद लोगों द्वारा बाहर कम खाना खाने जैसे कारक कब तक रेस्तरां उद्योग को प्रभावित करते रहेंगे। उन्होंने कहा, "यह अल्पकालिक घटना है। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने पर यह स्थिति ठीक हो जाएगी।/"

**ऊंची महंगाई के कारण लोगों ने बाहर कम खाना-पीना शुरू किया था**

**कंपनी के महामारी में 29 रेस्तारा बंद हुए**

कंपनी ने कोविड महामारी के दौरान 29 रेस्तरां बंद कर दिए थे और अब अपना विस्तार करते हुए लाभदायक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही है। चटर्जी ने से कहा, "यह स्पष्ट होना चाहिए कि भारत में बाहर खाना न खाना या मुद्रास्फीति का कम न होना ऐसी बात है जिस पर मैं विश्वास नहीं करता। भारत कई अन्य देशों से बेहतर है...।




*रिवेंज ईटिंग में कमी आई : इसके कारण 'रिवेंज ईटिंग' में कमी आई है, जबकि खाद्य मुद्रास्फीति के साथ-साथ सस्ती असंगठित कंपनियों से प्रतिस्पर्धा ने भी इसमें भूमिका निभाई है। कंपनी की विस्तार योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /"हम नियंत्रित, लाभप्रद वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, जो जानबूझकर मौजूदा स्टोरों को खत्म किए बिना भौगोलिक विस्तार के साथ किया जा रहा है।/"*

**फाइन डाइनिंग क्षेत्र की कंपनियां अच्छा नहीं कर रही**

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह रोजगार सृजन और खर्च योग्य आय में वृद्धि पर भी निर्भर करेगा। चटर्जी ने कहा, "मुझे पूरा यकीन है कि इसमें सुधार आएगा।" उन्होंने हालांकि कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में क्यूएसआर और फाइन डाइनिंग से लेकर कैजुअल डाइनिंग तक के क्षेत्र की कंपनियों के लिए चीजें बहुत अच्छी नहीं रही हैं।

## टाटा मोटर्स की बिक्री अगस्त में 8% घटी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की कुल थोक बिक्री अगस्त में आठ प्रतिशत घटकर 71,693 इकाई रही। टाटा मोटर्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले इसी महीने में कंपनी ने 78,010 वाहन बेचे थे। पिछले महीने कंपनी की कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 70,006 इकाई रही, जो एक साल पहले अगस्त महीने में 76,261 इकाई थी। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कुल यात्री वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 44,142 इकाई रही, एक साल पहले इसी महीने में यह 45,513 इकाई थी।

यूएस ओपन : जोकोविच, अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर प्रबल दावेदार

# सिनर की तीन सेट में आसान जीत स्वियाटेक ने चौथे दौर में बनाई जगह


एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने क्रिस ओ'कोनेल पर आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और उन्होंने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए दो घंटे से भी कम समय में ओ'कोनेल पर 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने करियर का पहला खिताब हासिल करने वाले सिनर सोमवार को चौथे दौर में अमेरिका के टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। पॉल ने कनाडाई क्वालीफायर गेब्रियल डायलो को 6-7 (5), 6-3, 6-1, 7-6 (3) से हराया।

■ मेदवेदेव ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया

अमेरिकी ओपन में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूस के इस खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला नूनो बोर्जेस से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 6-7 (5), 6-1, 3-6, 7-6 (6), 6-0 से पराजित किया। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी और यहां 2022 की चैंपियन इगा स्वियाटेक ने 25वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।





### पाओलिनी की आसान जीत

पांचवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को भी यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-4 से हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उनका अगला मुकाबला 2023 की फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट कैरोलिना मुचोवा से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, ल्यूडमिला सैमसोनोवा, डायना श्नाइडर और 2018 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी भी आगे बढ़ने में सफल रही।



### वैन डे बाहर

अल्कराज को हराने वाले वैन डे जैंडस्चुल्प अपना विजय अभियान आगे नहीं बढ़ा पाए और उन्हें जैक ड्रेपर से 6-3, 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के 22 वर्षीय खिलाड़ी ड्रेपर कभी भी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उनका अगला मुकाबला गैरवरीयता प्राप्त टॉमस मचाक से होगा जिन्होंने डेविड गोफिन पर 6-3, 6-1, 6-2 से जीत हासिल की।

### चौथे दौर में पहुंची बोपन्ना की जोड़ी

भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5) 10-7 से हराया। बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।



पेरिस पैरालंपिक

## प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक में जीता दूसरा कास्य पदक




एजेंसी ⏭ पेरिस

भारत की प्रीति पाल ने रविवार को 30.01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता जो पेरिस पैरालंपिक का उनका दूसरा पदक है। प्रीति (23 वर्ष) का कांस्य पेरिस में भारत का दूसरा पैरा एथलेटिक्स पदक भी है।

शुक्रवार को उन्होंने पैरालंपिक ट्रैक स्पर्धा में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीता था। उन्होंने महिलाओं की टी35 100 मीटर प्रतियोगिता में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता था। पैरालंपिक के 1984 चरण के बाद से भारत ने जो भी एथलेटिक्स पदक जीते थे वो सभी फील्ड स्पर्धा से आए थे।

### अवनि, सिद्धार्थ और श्रीहर्ष बाहर

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 630.2 के कुल स्कोर के साथ 26वें स्थान पर रहे।

### परवीन कुमार आठवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारत के परवीन कुमार शनिवार को यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42.12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50.32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49.97 मीटर) ने रजत पदक जीता।

### सुहास और नितेश ने फाइनल में बनाई जगह



**पेरिस।** सुहास यथिराज और नितेश कुमार रविवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में अपने अपने वर्ग में पुरुष एकल फाइनल में पहुंचकर अपने पहले स्वर्ण पदक के करीब पहुंच गए। टोक्यो चरण के रजत पदक विजेता सुहास हमवतन सुकांत कदम को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल बैडमिंटन एसएल4 फाइनल में पहुंचे। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय नितेश ने सेमीफाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा पर सीधे गेम में शानदार जीत से पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर पदक सुनिश्चित कर दिया। नितेश (29 वर्ष) ने 48 मिनट तक चले सेमीफाइनल में फुजिहारा पर 21-16 21-12 से जीत के साथ अपना दबदबा दिखाया। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी 41 वर्षीय सुहास ने सुकांत को 21-17, 21-12 से हराकर एक बार फिर पैरालंपिक के फाइनल में जगह बनाई।

खबर संक्षेप




### मंधाना सहित 5 क्रिकेटर खेलेंगी डब्लूबीबीएल

**मेलबर्न।** उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहित छह भारतीय क्रिकेटर अलग-अलग टीमों द्वारा चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग का हिस्सा होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था। दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी डब्लूबीबीएल में पदार्पण करेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी। भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है। तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है।

### आयरिश ओपन : 31वें स्थान पर पहुंची दीक्षा

**डबलिन।** भारत की दीक्षा डागर ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के तीसरे दौर में बोगी-रहित चार-अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 55वें से संयुक्त 31वें पायदान पर पहुंचने में सफल रही। शुरुआती दो दौर में 72 और 74 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने छठे और 12वें होल के बीच बिना किसी बोगी के चार बर्डी लगाई और तीन दौर के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर हैं। पेरिस ओलंपिक में मामूली प्रदर्शन और एआईजी महिला ओपन में कट से चूकने के बाद दीक्षा का आत्मविश्वास इस प्रदर्शन से बढ़ेगा।



### गंभीर जहां भी जाते हैं प्रभाव छोड़ते हैं


**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि भारत के नये मुख्य कोच गौतम गंभीर किसी भी टीम के साथ तुरंत प्रभाव छोड़ने की क्षमता रखते हैं और उनके रहते हुए भारतीय टीम और मजबूत होगी। रोड्स ने कहा, 'गंभीर जहां भी जाते हैं अपना प्रभाव छोड़ते हैं।

## 7 महीने की गर्भवती ने पदक जीत रचा इतिहास

एजेंसी ⏭ पेरिस

दुनिया में सबसे बड़ी योद्धा मां होती है। वो न सिर्फ एक बच्चे को जन्म देती है, बल्कि उसकी देखरेख के लिए अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान कर देती है।

अब तक मां की ममता को लेकर काफी किस्से देखे है, लेकिन पैरालंपिक में एक मां के जज्बे को देखकर आप भी उन्हें सलाम ठोकेंगे। हाल ही में ऐसा ही ग्रेट ब्रिटेन की महिला एथलीट ने कमाल कर दिखाया। इस महिला तीरंदाज ने 7 महीने की प्रेग्नेंट होने के बावजूद





पैरालंपिक में हिस्सा लिया और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस महिला का नाम जोडी ग्रिनहम है, जो पैरालंपिक में मेडल जीतने वाली पहली गर्भवती पैरालंपिक एथलीट बन गई हैं। ग्रिनहम ने जिस तीरंदाज को हराकर कांस्य पदक जीता, वह तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीत चुकी थी। दरअसल, 28 हफ्तों की प्रेग्नेंट एथलीट जोडी ग्रिनहम ने महिला कंपाउंड आर्चरी इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल में 142-141 के स्कोर से जीत हासिल की।

### नार्थ ईस्ट युनाइटेड ने पहली बार जीता डूरंड कप




**कोलकाता।** नार्थ ईस्ट युनाइटेड एफसी ने गत बार की चैंपियन मोहनबगान सुपरजायंट को हराकर पहली बार डूरंड कप अपने नाम किया है। शनिवार को कोलकाता के विवेकानंद युवाभारती क्रीड़ांगन में हुए बेहद रोमांचक मुकाबले में नार्थ ईस्ट युनाइटेड ने मोहनबगान को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 गोल से मात दी। निर्धारित समय का खेल खत्म होने तक दोनों टीमें 2-2 गोल से बराबरी पर थीं। मोहनबगान को 11वें मिनट में मिली पेनाल्टी को कमिंग्स ने गोल में बदला। पहले हाफ के अतिरिक्त समय में मोहनबगान के लिए सहल ने दूसरा गोल दागा।

## बेरोजगार खिलाड़ियों को दो लाख रुपए देगा हॉकी इंडिया

एजेंसी ⏭ लखनऊ

हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की। यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किए गए कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं। हॉकी



इंडिया से जारी बयान में टिर्की ने कहा, 'अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं।

### लिटन दास का शतक बांग्लादेश ने की वापसी

**रावलपिंडी।** लिटन दास के शतक और मेहदी हसन मिराज के अर्धशतक से बांग्लादेश ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद के पहली बार पांच विकेट के प्रदर्शन बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की। शहजाद (90 रन देकर छह विकेट) ने पहली बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। लिटन ने 13 चौके और दो छक्कों की मदद से 138 रन की आक्रामक पारी खेली जबकि मेहदी ने 78 रन बनाए। इससे बांग्लादेश ने तीसरे दिन पहले घंटे में शहजाद के शुरुआती झटकों के बाद छह विकेट पर 26 रन के स्कोर से उबरते हुए 262 रन बनाए। दूसरी पारी में पाकिस्तान ने स्टंप तक दो विकेट गंवाकर नौ रन बना लिये थे और उसकी कुल बढ़त 21 रन की हो गई।

## इंग्लैंड ने जीती टेस्ट श्रृंखला श्रीलंका को 190 रन से रौंदा



एजेंसी ⏭ लंदन

इंग्लैंड ने गस एटकिंसन के पांच विकेट के दम पर तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को शनिवार को यहां 190 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

जीत के लिए रिकॉर्ड 483 रन का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के तुरंत बाद अपनी दूसरी पारी में 292 रन पर सिमट गई। मैच की पहली पारी में शतक लगाने वाले एटकिंसन ने दूसरी पारी में 62 रन देकर पांच विकेट चटकाए। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने इस मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर टीम की बड़ी जीत की नींव रखी। जीत के लिए विश्व-रिकॉर्ड 483 रन का पीछा करते हुए श्रीलंका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 53 रन पर करने के बाद रात्रि प्रहरी प्रभात जयसूर्या (चार) का विकेट जल्दी ही गंवा दिया। करुणारत्ने टेस्ट में 54वीं बार अर्धशतक लगाने के बाद ओली स्टोन की उछाल लेती गेंद को संभालने में विफल रहे। लंच के विश्राम के बाद मैथ्यूज संभल कर बल्लेबाजी की जबकि दिनेश चांदीमल (58) ने आक्रामक रुख अपनाया।

### एटकिंसन के शिकार

पहली पारी में शतक लगाने वाले गस एटकिंसन ने इसके बाद चांदीमल और कामिंदु मेंडिस (चार) को चलता कर इंग्लैंड की जीत लगभग पक्की कर दी। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद कप्तान धनंजय डी सिल्वा की 50 रन की पारी को खत्म करने के साथ मिलन रत्नायके (43) के साथ आठवें विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी को तोड़ा। इंग्लैंड के लिए वोक्स और स्टोन ने दो-दो विकेट लिए।

मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका

## एशियाई संघ ने किया आईबीए के पक्ष में मतदान

एजेंसी ⏭ अल ऐन

मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें



बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने टोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग पर साधा निशाना

*मतदान के बाद आईबीए ने वर्ल्ड बॉक्सिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि नई संस्था के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए साधन की कमी है। आईबीए ने एक बयान में कहा, 'वर्ल्ड बॉक्सिंग के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए किसी तरह का वित्त, विशेषज्ञता और समर्थन नहीं है। उनका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है।' एशियाई संस्था के समर्थन का स्वागत करते हुए आईबीए ने कहा कि इससे पिछले कुछ वर्षों में उसके अच्छे कामकाज की पुष्टि होती है।*

## रहाणे का 40वां प्रथम श्रेणी शतक लीसेस्टरशर की शानदार वापसी

एजेंसी ⏭ कार्डिफ

भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के 40वें प्रथम श्रेणी शतक (192 गेंद में 102 रन) की बदौलत लीसेस्टरशर रविवार को यहां काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन दो के मैच में ग्लेमोर्गन के खिलाफ अंतिम दिन हार से बचने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है।

रहाणे ने अपनी पारी के दौरान 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने साथ ही आस्ट्रेलिया के पीटर हैंड्सकॉम्ब के साथ चौथे विकेट के लिए 183 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। हैंड्सकॉम्ब चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन लंच तक 94 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। रहाणे और हैंड्सकॉम्ब की लीसेस्टरशर की अंतरराष्ट्रीय जोड़ी



मैच बचाने के उद्देश्य से डटी रही। इससे पहले ग्लेमोर्गन के कोलिन इंग्राम ने नाबाद 257 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे उसने पहली पारी नौ विकेट पर 550 रन के स्कोर पर घोषित की। लंच तक लीसेस्टरशर ने चार विकेट पर 271 रन बना लिए थे। पहली पारी में लीसेस्टरशर की टीम 251 रन पर सिमट गई थी।

## मामले की जांच में जुटे वन अफसर, अज्ञात के खिलाफ पीओआर दर्ज

# फसल बचाने बंदरों पर शिकारियों ने की भरमार बंदूक से फायरिंग, 17 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेमेतरा जिले के एक गांव में 17 बंदरों को भरमार बंदूक से फायर कर बेरहमी से मारने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची भी थी, लेकिन घटनास्थल पर जाने के बजाय सरपंच तथा गांव के कोटवार से चर्चा कर मौके से बैरंग वापस लौट गई।

घटना की जानकारी वन मुख्यालय तक पहुंचने के बाद रविवार को विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। दुर्ग सीसीएफ डॉ. केएच मियाचियो के मुताबिक, अज्ञात लोगों के खिलाफ पीओआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बेलगांव के पंच सीताराम वर्मा के मुताबिक, बंदरों को मारने की घटना बुधवार की है। पंच के अनुसार, उसने गांव में देखा, किसी दूसरे शहर से आए दो शिकारी बंदरों पर भरमार बंदूक से फायर कर रहे थे। पूछने पर उसने बताया कि उसे बंदरों को भगाने तथा मारने के लिए कहा गया है। इस वजह से वे बंदरों को मार रहे हैं। इसके बाद सीताराम ने अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर दोनों शिकारियों को बंदरों पर फायर करने से रोका और घटना की जानकारी वन अफसरों को दी।





### दो दिन बाद पहुंचे वन अफसर

सीताराम के मुताबिक, घटना की जानकारी वन विभाग के अफसरों को तत्काल दे दी गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को वन विभाग के अफसर घटनास्थल पहुंचने के बजाय गांव के सरपंच, कोटवार तथा अन्य के साथ बैठक कर वापस लौट गए। इसके बाद पंच ने घटना की जानकारी पुनः अफसरों को दी। तब दुर्ग डीएफओ के नेतृत्व में वनकर्मी तथा डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और मृत बंदरों का पोस्टमार्टम किया।

### गांववासी बदबू से परेशान

सीताराम के अनुसार, मामला वन अपराध से जुड़ा है, इस वजह से मृत बंदरों का उन लोगों ने अंतिम संस्कार नहीं किया, जिसके चलते गांव के लोग दो दिन तक बदबू से परेशान होते रहे। स्थिति ऐसी थी कि पुरुष और महिलाएं निस्तारी के लिए तालाब तक नहीं पहुंच पा रहे थे।

### इसलिए बंदरों को मौत की घाट उतारा

दुर्ग सीसीएफ के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि बंदर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस वजह से बंदरों को मारा गया। इसकी जांच दुर्ग तथा कवर्धा डीएफओ को दी गई है। मामले की बिसरा जांच के भी निर्देश दिए गए हैं।

### युद्ध प्रभावित गाजा में बड़े पैमाने पर पोलियो रोधी टीकाकरण शुरू

**दीर अल-बलाह।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध से सबसे अधिक तबाह में हुई गाजा पट्टी में फलस्तीन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने पोलियो रोधी टीकाकरण के लिए बड़े पैमाने पर रविवार को अभियान शुरू किया। अधिकारी मध्य गाजा में बुधवार तक बच्चों को टीका लगाएंगे और फिर वे उत्तरी तथा दक्षिणी हिस्सों में टीकाकरण अभियान संचालित करेंगे। स्वास्थ्यकर्मियों ने शनिवार को कुछ बच्चों को पोलियो रोधी टीका लगाकर यह अभियान शुरू किया था। उन्होंने लगभग 6,40,000 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इजराइल ने बच्चों को पोलियो रोधी टीका लगाने के उद्देश्य से सैन्य अभियान को सीमित समय के लिए रोकने पर सहमति जताई है।

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
WELL EQUIPPED AND PROMPT EMERGENCY CARE UNIT
Expert Team Available 24x7




- Ultramodern Machines for Checkup & Treatment
- Ultramodern Medical and Surgical ICU
- 125 Bedded Modern & Convenient ICU (ECMO., CRRT.)
- 24x7 Specially Trained Critical Care ICU Doctor & Nursing Staff
- 24x7 Trauma & Stroke Team

With leading medical facilities in Central India
24x7 Emergency Helpline
0771 6165656
Ramkrishna CARE Hospital
Pachpedi Naka, Dhamtari Road, Raipur
MAHESHWARI

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

SAVE UN-LIMITED
साड़ियाँ
20 % छूट
साथ में सूटिंग्स, शर्टिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स सलवार सूट्स, मैचिंग्स, बेड शीट्स टॉवेल, नेपकीन आदि पर भी छूट का लाभ उठावें।
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

## 2000 साल पुरानी कंप्यूटर जैसी मशीन, वैज्ञानिक हैरान

**वाशिंगटन।** 120 साल पहले जहाज के मलबे से खोजे गए 2,000 साल पुरानी कंप्यूटर जैसी मशीन को देखकर वैज्ञानिक हैरान हैं। इसे एंटीकिथेरा मैकेनिज्म के नाम से जाना जाता है, जिसे अक्सर पहला कंप्यूटर कहा जाता है। यह 1901 में एक ग्रीक जहाज के मलबे में मिला था। बीजीआर की रिपोर्ट के बाद से यह शोधकर्ताओं को हैरान कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाथ से चलने वाले इस यंत्र में सूर्य, चंद्रमा और ग्रहों की आकाशीय गति को ट्रैक करने के लिए एक घुमावदार सिस्टम का उपयोग किया गया था। यह एक कैलेंडर के रूप में भी काम करता था, जो चंद्रमा के चरणों और ग्रहणों के समय को बताता था। माना जाता है कि यह सिस्टम अगले हजार वर्षों में बनाए गए किसी भी अन्य उपकरण की तुलना में अधिक उन्नत था।



### विश्व का सबसे पुराना कंप्यूटर कौन सा है?

शोधकर्ताओं के अनुसार, यह उपकरण सूर्य, चंद्रमा और ग्रहों की गतिविधियों को ट्रैक करता है, जो प्राचीन मान्यता को दर्शाता है कि ये खगोलीय पिंड पृथ्वी के चारों ओर घूमते हैं। एंटीकिथेरा मैकेनिज्म को विश्व का सबसे पुराना कंप्यूटर माना जा रहा है, जो एक प्राचीन यूनानी उपकरण है, जिसने एक शताब्दी पहले अपनी खोज के बाद से शोधकर्ताओं को आकर्षित किया है। जिसे सबसे प्रारंभिक ज्ञात एनालॉग कंप्यूटरों में से एक माना जाता है, जो 1901 में एक ग्रीक जहाज के मलबे में मिला था।



राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Hero CENTENNIAL CELEBRATION
HERO FOREVER
DESTINI PRIME




— पाएं —
PRIME ADVANTAGE
बेहतर माइलेज @56KM/L
RS/Hero/09/24

प्रीमियम फ़ीचर्स मेटल बॉडी डिजि-एनालॉग स्पीडोमीटर LED गाइड लैम्प्स बूट लैम्प मोबाइल चार्जिंग पोर्ट | आकर्षक कीमत ₹75,222~

खुशियों के 100 दिन | अपनी खरीदारी पर 100% कैशबैक जीतने का मौका पाएं

कम डाउन पेमेंट ₹5000^ | कम ब्याज दर 9.49%^ | ऑन-रोड कीमत ₹88799## | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ##On-road price includes ex-showroom price, insurance and registration charges. ~Ex-showroom price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *T&C apply. Offer valid from 26th Jun to 3rd Oct. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com